## न्यूज ब्रीफ

### दो सगी बहनें लापता रिपोर्ट दर्ज

**बिलसंडा, अमृत विचार :** करेली थाने में दी तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी दो नाबालिग पुत्रियां 30 मार्च को अपनी मौसी के मोबाइल से किसी से बात करने के बाद दूसरे दिन सुबह तीन बजे चली गईं। उनका कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### हमला करने की पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया मंडन निवासी ओम प्रकाश शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छह मार्च की सुबह करीब छह बजे अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रहे थे। तभी गांव के गोपाल उर्फ ओम शर्मा, उदित, शरवेशुर, आदित उर्फ विशेशवर, प्रमोद ने पिटाई की। बचाने आए परिवार के सदस्यों को भी पीटा। जान से मारने की धमकी दी गई। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### एलडीएम के स्थानांतरण की मांग

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पंचायत राज ग्राम प्रधान संगठन के जिला प्रभारी संजीव कुमार गंगवार ने डीएम को भेजे शिकायत पत्र में बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में बैंकों की स्थिति चिंतनीय है। बेरोजगार नवयुवकों के लिए चलाई जा रही युवा उद्यमी मुख्यमंत्री योजना का फीडबैक बहुत खराब है। जनपद की अधिकतर ग्राम सभाओं में प्रधान बैंकों के मनमाने रवैये से असंतुष्ट हैं। बिना कमी के बैंक ग्राहकों को कमियां निकालकर परेशान कर रहे हैं। लीड बैंक अधिकारी बैंकों से बेहतर तालमेल बैठाने में असमर्थ हैं। जिला लीड बैंक अधिकारी के स्थानांतरण की मांग की है।

### सीडीओ के अर्दली की डीएम से शिकायत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** विकासखंड पूरनपुर के गांव मुरादपुर माती निवासी हरिराम ने डीएम से सीडीओ के अर्दली की शिकायत की है। आरोप है कि अर्दली सीडीओ से मिलवाने के नाम पर अभद्रता करने के साथ ही वसूली का दबाव बनाता है। करीब 14 वर्षों से एक ही जगह तैनाती है। उस पर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। उधर, अर्दली ने आरोपों को निराधार बताया है।

### सड़क हादसे में महिला हुई घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव भैसहा ग्वालपुर निवासी सुभाष चंद्र मंगलवार शाम को कस्बे से काम निपटाकर बाइक से लौट रहे थे। उनकी पत्नी बुद्धो देवी भी साथ थी। कस्बे में पहुंचते पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें बुद्धो देवी घायल हो गई। उन्हें से सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

# स्कूल चलो अभियान आरंभ, तिलक लगाकर बच्चों का हुआ स्वागत

## जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बच्चों के लिए पाठ्यपुस्तकें भेंट कर किया उत्साहवर्धन, कई विद्यालयों में केक काटकर बच्चों का मुंह मीठा कराया

- मरौरी ब्लॉक के टाहपौटा स्कूल से जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** रिजल्ट वितरण के बाद नवीन शैक्षिक सत्र का आगाज किया गया। पहले दिन जिले के समस्त परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का रोली तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कई विद्यालयों में केक काटकर बच्चों का मुंह मीठा कराया गया। इस दौरान बच्चों के स्वागत के लिए विद्यालयों को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। रंग-बिरंगे गुब्बारों, स्वागत गीतों और रैलियों के बीच बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। पहले दिन छात्र-छात्राओं ने अपने दोस्तों के साथ जमकर मस्ती की। इतना ही नहीं मरौरी ब्लॉक के टाहपौटा स्कूल में डीएम और बीएसए ने पाठ्य पुस्तक वितरण कीं।

1508 परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले पौने दो लाख नौनिहालों के लिए बुधवार को स्कूल के द्वार खोले गए। नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के प्रवेश उत्सव/स्वागत उत्सव का आयोजन किया गया। पहले दिन मरौरी ब्लॉक स्थित जूनियर हाई स्कूल टाह पौटा से जिला स्तरीय स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की गई। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, विशिष्ट अतिथि डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, डीआईओएस राजीव कुमार सिंह, बीएसए रोशनी सिंह ने अभियान की शुरुआत की। इस दौरान अतिथियों ने शिक्षा के प्रति संवेदनशीलता और अपनापन दिखाते हुए नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत बड़े ही सम्मानजनक तरीके से किया।

विधायक और डीएम ने ने बच्चों को रोली-अक्षत का तिलक लगाया, माला पहनाई और उन्हें शासन की ओर से मिलने वाली निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें भेंट की। नई पुस्तकें पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है और यह शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों व समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है कि वे स्कूल न जाने वाले बच्चों को दाखिला दिलाने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम के अगले चरण में अतिथियों ने स्कूल परिसर से गांव की ओर निकलने वाली जागरूकता रैली को रवाना किया, इसकी कमान बीएसए रोशनी सिंह ने संभाली। रैली में बच्चे आधी रोटी खाएंगे, अपने बच्चे सभी पढ़ाएंगे जैसे नारे लगा रहे थे। इस दौरान विधायक और शिक्षा अधिकारियों ने बच्चों के साथ बैठकर मिड-डे मील का स्वाद भी लिया। अंत में बीएसए ने सभी का आभार जताते हुए शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे घर-घर जाकर अभिभावकों को शिक्षा का महत्व बताएं ताकि जिले का कोई भी बच्चा शिक्षा की रोशनी से अछूता न रहे। इस मौके पर राकेश पटेल, मनीष श्रीवास्तव, सचिन चौधरी, जितेंद्र चौधरी, अजय कुमार, केके सागर, राजीव कुमार मिश्रा, सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा अन्य स्कूलों में भी पाठ्य पुस्तक वितरण की गई है।



स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह व अन्य। ● अमृत विचार


टाह पौटा स्कूल में बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत करते डीएम व बीएसए।


स्कूल में बच्चों के साथ भोजन करते विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, बीएसए और बीईओ।

### स्कूलों में पाठ्य पुस्तकों का किया गया वितरण



**अमरिया, अमृत विचार :** ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय भगामोहम्मदगंज और प्राथमिक विद्यालय कुर्रा में भी बुधवार को पाठ्य पुस्तक वितरण का कार्यक्रम किया गया। कंपोजिट विद्यालय भंगा मोहम्मदगंज में जिला पंचायत सदस्य प्रेम सागर, ग्राम प्रधान ओमप्रकाश एवं एसएमसी अध्यक्ष प्रेमशंकर ने स्कूल चलो अभियान रैली का आगाज किया। इसके बाद पाठ्य पुस्तक वितरण की गई। इस दौरान प्रधानाध्यापक खेमपाल सिंह ने नए सत्र में अधिक से अधिक बच्चों के नामांकन एवं विद्यालय की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राथमिक विद्यालय कुर्रा में भी पाठ्य पुस्तक वितरण की गई। इस दौरान दोनों स्कूल के शिक्षक सरोज जायसवाल, फैयाजानूर, शमशाद अहमद, शिक्षा मित्र लालाराम वर्मा, हरप्रसाद, सलीम अहमद, शकील अहमद मौजूद रहे।

### साइकिल पाकर खिल उठे चेहरे, निकाली गई रैली



**बिलसंडा, अमृत विचार :** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बमरौली में पुरस्कार वितरण समारोह और स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी जितेंद्र सिंह भदौरिया ने कक्षा आठ उत्तीर्ण सात छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित करते हुए प्रत्येक को एक-एक साइकिल व नकद धनराशि दी। पहली बार क्षेत्र में साइकिल के रूप में मिले पुरस्कार से छात्राओं और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश प्रताप सिंह ने बच्चों को निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी और विद्यालय की स्वच्छता व्यवस्था की सराहना की। खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मौर्य ने बताया कि पीएमश्री योजना के तहत विद्यालय में स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर लैब जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। अन्य शिक्षकों ने भी बच्चों को लगन से पढ़ाई करने और मोबाइल के अनावश्यक उपयोग से बचने की सलाह दी। इसके बाद स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई है। इस मौके पर विवेक श्रीवास्तव, सतीश शंकर मिश्रा, शिक्षक संजय जायसवाल, मनोज कुमार शर्मा, अरविंद कुमार, सोमपाल राठौर, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप, मंत्री उमेश चंद्र मिश्रा और कोषाध्यक्ष उमेश गंगवार मौजूद रहे।

# मझोला में भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य का मझोला नगर में प्रथम बार आगमन पर पूर्व चेयरमैन रामऔतार अग्रवाल के कार्यालय पर अभिनंदन किया गया। वरिष्ठ व्यापारी विजय भाटिया, कैलाश मित्तल, हरदासपुर प्रधान सुलेंद्र सिंह, गिधौर प्रधान प्रतिनिधि सोनपाल सिंह, सूरज सागर, गुलशन स्वर्णकार, बंदीलाल अग्रवाल, सूर्य वर्मा, मनजिंदर सिंह ने माल्यार्पण किया।

जिला उपाध्यक्ष अतेंद्र पाल सिंह का भी मालार्पण कर अभिनंदन किया गया। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल और पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने जिलाध्यक्ष भाजपा को शॉल भेंट की।

इस मौके पर बृजेंद्र भाटिया, प्रतीक खतनानी, सिद्धार्थ दुबे, राजेश अग्रवाल, ललित पटेल, हरदेव सिंह नागी, धर्मा बाल्मीकि, देवी प्रसाद, विकास अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल हेमंत गैरोला, नितेश अग्रवाल, हरभजन सिंह, सोनू हांडा, सूर्या वर्मा, रवींद्र नेगी, डालचंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।


भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत करते राज्यमंत्री के प्रतिनिधि व पूर्व चेयरमैन।

# बिलसंडा में स्मार्ट मीटर के विरोध में व्यापारी

- डीएम को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने बुधवार को स्मार्ट मीटर में अनियमितताओं का हवाला बताते हुए विरोध किया। डीएम को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा गया। जिसमें बताया कि पावर कॉरपोरेशन द्वारा लगाए जा रहे पुराने मीटरों को बदलकर नए मीटरों से उपभोक्ताओं को असुविधा उत्पन्न हो रही है।

नए मीटरों में अत्यधिक तेज रीडिंग के कारण बिजली बिल में बढ़ोतरी हुई है। तकनीकी खामियों के चलते रिचार्ज खत्म होते ही कनेक्शन कट जाता है। रिचार्ज के बाद भी बिजली की सप्लाई शुरू नहीं हो पाती है, जब तक विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली शुल्कों और रीडिंग की पूरी जानकारी उपभोक्ताओं को उपलब्ध करा नहीं दी जाती और शंकाओं का समाधान नहीं हो जाता, तब तक रिचार्ज खत्म होने पर विद्युत कनेक्शन काटने के लिए कम से कम एक माह का समय दिया जाए। तत्काल कनेक्शन काटना व्यापारियों के साथ अन्याय है। उपभोक्ताओं की सहमति के बिना पुराने सही चल रहे मीटरों को जबर्दस्ती बदलना बंद किया जाए।

स्मार्ट मीटरों की तकनीकी शुद्धता की जांच किसी निष्पक्ष समिति द्वारा कराई जाए। इस दौरान नगर अध्यक्ष अरविंद अवस्थी, चेयरमैन विक्रम नरेश जायसवाल, मुनीश अवस्थी, सुमित गुप्ता, मनोज गुप्ता, अरविंद अवस्थी, राजीश गुप्ता, संदीप राठौर, आदर्श त्रिपाठी, आलोक जायसवाल, महिला मोर्चा की शशिलता सक्सेना, अनीता देवी, सुमन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


स्मार्ट मीटर को लेकर ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

# मेडिकल कॉलेज: 6 साल की बच्ची को नहीं मिला इलाज

- परिवार के लोग उपचार के लिए ले गए निजी अस्पताल
- आरोप: रात में सोते रहे मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी
- वीडियो वायरल होने पर प्राचार्य ने दिए जांच के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल के बाल रोग विभाग में एक बार फिर लापरवाही से जुड़ी तस्वीर उजागर हुई। छह वर्षीय बीमार बच्ची को रातभर इलाज न मिलने पर परिजन उसे निजी अस्पताल ले जाने को मजबूर हुए। इससे जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिससे खलबली मची रही।

शिव नगर कॉलोनी निवासी विकास मिश्रा ने बताया कि उनकी 6 वर्षीय पुत्री आदया मिश्रा को लूज मोशन, उल्टी और बुखार की शिकायत थी। परिवार वाले उसे मंगलवार रात 7:40 बजे मेडिकल कॉलेज लाए। बाल रोग विभाग में बच्ची को भर्ती कराया, जहां उसका इलाज शुरू किया गया था। आरोप है कि रात में अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें डॉक्टर नहीं मिले। परिजनों के अनुसार, जब वे डॉक्टर को बुलाने काउंटर पर पहुंचे तो वहां कोई मौजूद नहीं था।

आरोप है कि अस्पताल का आधा स्टाफ सोता मिला और बार-बार गुहार लगाने पर भी कोई मौके पर नहीं पहुंचा। बच्ची की हालत को लेकर परिजन रातभर परेशान रहे। बुधवार सुबह करीब 6 बजे परिजनों ने स्टाफ नर्स से डॉक्टर को दिखाने की बात कही, तो उन्हें जवाब मिला कि 8 बजे आएंगे। इससे क्षुब्ध परिजनों ने बच्ची को दूसरे अस्पताल ले जाने का निर्णय लिया। उन्होंने इलाज से संबंधित जानकारी और दवाओं का ब्योरा मांगा, लेकिन आरोप है कि स्टाफ ने यह जानकारी देने से भी इनकार कर दिया। परिजनों ने मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा को कॉल कर शिकायत की।

इसके बाद प्राचार्या स्वयं मौके पर पहुंची और सबंधित स्टाफ को कड़ी फटकार लगाई, तब जाकर डॉक्टर और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। हालांकि, तब तक परिजन निजी अस्पताल ले गए। आरोप है कि सरकारी अस्पताल में बच्ची के हाथ में लगी ड्रिप तक नहीं हटाई गई। उन्होंने मेडिकल फाइल पर लिखित टिप्पणी दर्ज कर अपनी नाराजगी भी जताई है। रातभर की लापरवाह तस्वीर की वीडियो परिवार की ओर से बनाकर वायरल भी की। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

> मामला संज्ञान में आने पर जानकारी की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बच्ची को बुखार था उसे देर शाम भर्ती किया गया था। ड्रिप भी चल रही थी। एचओडी को जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। रात में ड्यूटी से नदारद होने के मामले में सीसीटीवी चेक कराए जाएंगे। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई होगी। फिलहाल परिजन बच्ची को स्वेच्छा से ले गए हैं। - **डॉ. संगीता अनेजा**, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज।


मंगलवार रात बाल रोग विभाग में खाली पड़े काउंटर।


डॉक्टर न मिलने पर बच्ची को निजी अस्पताल ले जाते परिजन।

# विद्यार्थियों को बांटा वार्षिक परीक्षाफल

**बिलसंडा, अमृत विचार:** आरडी पब्लिक इंटर कॉलेज में बुधवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया। इसकी शुरुआत डायरेक्टर एवं फाउंडर डीके कुशवाहा ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य विपिन कुमार वर्मा ने बच्चों को अंक पत्र व ट्रॉफी प्रदान की। पुरस्कृत होने वाले बच्चों में सिद्धि यादव, केशव वर्मा, आराध्या विश्वकर्मा, तेजस गुप्ता, सौम्या, वान्या गुप्ता, सोफिया, अफनान रजाआदि थे। इधर ब्लॉक क्षेत्र के गांव मुड़िया बिलहरा स्थित लाल बहादुर शास्त्री महारानी लक्ष्मीबाई पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में विद्यार्थियों को परीक्षाफल वितरण किया गया। इस मौके पर डायरेक्टर बृजेश वर्मा, रघु वीर, वीरपाल, अनूप, विश्वजीत, देवकु मारी, मोनी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# बरखेड़ा के स्कूलों में भी बांटी गईं किताबें


लखनऊ कला गांव के स्कूल में किताबें दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय बरखेड़ा नंबर दो में बुधवार को स्कूल चलो अभियान के तहत रैली का आयोजन कर नगर वासियों को शत-प्रतिशत नामांकन के लिए जागरूक किया। बीआरसी प्रागण में खंड शिक्षाधिकारी अजय कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने पुस्तकें वितरित की। गांव लखनऊ कला में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में पंजीकृत 106 छात्र व छात्राओं के सापेक्ष नवीन शिक्षा सत्र के पहले दिन बुधवार को 60 बच्चे उपस्थित हुए। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापक बुद्धसेंन भारती के द्वारा बच्चों को निशुल्क पाठय पुस्तके वितरित की। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# झंडी पदयात्रा में चेयरमैन भी हुईं शामिल

- ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों पर थिरके श्रद्धालु

**पीलीभीत, अमृत विचार:** शहर के चावला चौराहा स्थित पाकड़नाथ हनुमान मंदिर से मां यशवंतरी देवी मंदिर तक भव्य झंडी पदयात्रा मंगलवार रात निकाली गई। श्रद्धा और उत्साह से सराबोर इस यात्रा में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों पर थिरके। पदयात्रा की शुरुआत पाकड़नाथ हनुमान मंदिर से हुई, जहां श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर माता का आह्वान किया। श्रद्धालु हाथों में झंडियां लेकर जयकारों के साथ आगे बढ़े। रास्ते भर जय माता दी के उद्घोष गूंजते रहे।

यशवंतरी देवी मंदिर पहुंचकर दरबार सजाकर विधि-विधान से पूजा की और सुख-समृद्धि की कामना की गई। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, सभासद साकेत सक्सेना ने भी पदयात्रा में शामिल होकर माता का पूजन किया। इस अवसर पर अनिल जैसवार, महेंद्र वर्मा रिंकू, सोनी शर्मा, भारत राठौर, नितिन शर्मा, कृष्णा वर्मा, पीयूष राजपूत, उज्ज्वल मिश्रा, ललित लोधी, रामबाबू वर्मा, जूली वर्मा, जय शर्मा, निक्की श्रीवास्तव, अजय सिंह, आदि मौजूद रहे।


झंडी पदयात्रा में शामिल चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल। ● अमृत विचार

# फीस स्थिर, किताबों के बहाने बढ़ रहा अभिभावकों पर बोझ

- जिले के करीब 30 सीबीएसई स्कूलों में तय बुकसेलर से ही खरीद की बाध्यता
- एनसीईआरटी को दरकिनार कर निजी प्रकाशनों की महंगी किताबें थोपने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिले में निजी स्कूलों द्वारा फीस में बढ़ोतरी भले न की गई हो, लेकिन कोर्स और किताबों के नाम पर अभिभावकों पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। स्कूल संचालकों ने अपने-अपने तय बुक सेलर निर्धारित कर रखे हैं, जहां से ही अभिभावकों को किताबें और कॉपियां खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। ऐसे में वहां मनमर्जी तरीके से रेट तय किए हुए हैं। साथ ही एनसीआरटी के नाम पर निजी पब्लिकेशन की किताबें धड़ल्ले से चलाई जा रही है। मगर जिम्मेदार खामोश हैं।

सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत 32 निजी विद्यालय संचालित हैं। 10 वीं और 12 वीं को छोड़कर अन्य कक्षाओं की परीक्षा पूर्ण होने के बाद रिजल्ट घोषित कर दिए गए हैं। कुछ स्कूल ने 9वीं और 11वीं के परिणाम बुधवार को भी घोषित किए हैं। साथ ही एक अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र भी शुरु कर दिया है। इस बार शासन के निर्देश पर नई शिक्षा नीति के तहत एनसीआरटी ने भी किताबों में संशोधन किया है।

ऐसे में अभी तक कक्षा एक से आठ तक का सिलेबस जारी हो सका। जबकि 9 और 11 का सिलेबस का इंतजार है। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निजी पब्लिकेशन की किताबें नहीं चलाई जाएंगी। सिर्फ एनसीआरटी ही चलेगी। मगर इसके बाद भी स्कूल प्रबंधन और बुक सेलर का गाठजोड़ पहले की तरह अभिभावकों के ऊपर हावी है।

स्कूल प्रबंधन ने इस बार भले ही फीस नहीं बढ़ाई है, लेकिन अपने द्वारा तय किए बुक सेलर से किताबें लेने के लिए अभिभावकों को बाध्य किया है। इतना ही नहीं अधिकतर स्कूलों ने कक्षा एक से आठ तक में एनसीआरटी को शामिल ही नहीं किया है, तो कुछ ने दिखावे के लिए दो से चार किताबें शामिल कर ली हैं। मगर उनका पूरा जोर निजी पब्लिकेशन पर है। क्योंकि निजी पब्लिकेशन चलाने पर गठजोड़ पहले की तरह बना रहेगा। इसके पीछे कमीशनखोरी की चर्चाएं हैं। कुछ अभिभावकों का कहना है कि बाजार में उपलब्ध सस्ती किताबों की बजाय उन्हें तय दुकानों से ही महंगे दामों पर किताबें खरीदनी पड़ रही हैं। इतना ही नहीं, कई स्कूलों द्वारा किताबों के साथ कॉपियां भी जबरन दी जा रही हैं, जिससे खर्च और बढ़ रहा है।

अभिभावकों का भी कहना है कि इसके पीछे कमीशन का खेल है। फिलहाल उनकी जेब पर अतिरिक्त भार डल रहा है। आलम यह है कि शहर के एक स्कूल ने कक्षा एक के कोर्स में अभिभावकों को 24 बिंदुओं की एक लिस्ट दी है। जिसमें 10 किताबें हैं। बाकी में कॉपी और अन्य सामग्री शामिल की हुई है। इस पूरे कोर्स की कीमत 3726 रुपये निर्धारित की गई है। इसी तरह के अन्य स्कूल की ओर से भी क्लास पांच का कोर्स 6552 रुपये तय किया हुआ है। हैरानी की बात यह है कि इन किताबों में एनसीआरटी एक भी नहीं है। मगर जिम्मेदार इस पर कोई संज्ञान नहीं ले रहे हैं।

> शासन ने एनसीआरटी की किताबें संचालित करने के निर्देश दिए हैं। अगर कोई निजी पब्लिकेशन की किताबें चला रहा हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर टीमें बनाई जा रही है। जल्द ही क्रास चेकिंग शुरु की जाएगी। - **राजीव कुमार सिंह**, डीआईओएस।

## शहर में आज

- श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर गांधी स्टेडियम रोड पर विशेष पूजन कार्यक्रम सुबह 04 बजे से।
- श्रीबालाजी नींव करौरी धाम काशीराम कॉलोनी ईदगाह में जन्मोत्सव दरबार सुबह 10 बजे से।
- मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम सुबह 09 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### मेला देखने गई युवती लापता

**पीलीभीत, अमृत विचार** : सुनगढ़ी क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सोमवार को अपनी 22 वर्षीय बेटी के साथ मेला देखने गई थी। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद विक्की शर्मा निवासी मोहल्ला बेनी चौधरी उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया। आरोप है कि जब उन्होंने विक्की के घर जाकर अपनी बेटी को वापस भेजने की बात कही, तो आरोपी के चाचा और बहन पूनम ने उनके साथ गाली-गलौज और अभद्रता की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### पोस्टर प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

**बीसलपुर, अमृत विचार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशा मुक्ति भारत अभियान के द्वितीय चरण के तहत पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। इसमें प्रथम स्थान पर राधिका जोशी, आकांक्षा द्वितीय, शानू गंगवार तृतीय रही। छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति को लेकर जागरुकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के यूट्यूब चैनल पर भी अपलोड किया गया। इस अवसर पर संचालिका प्रोफेसर दरख्शा, सहसंयोजक डॉ. विकास प्रधान, प्राचार्या डॉ. अलका मेहरा, डॉ. विकास प्रधान, डॉ. रजत पटेल, डॉ. पवन त्रिवेदी, कार्यालय अधीक्षक दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने आरोपी सभासद को किया गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचार** : जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम ललौरीखेड़ा में जिम के भीतर घुसकर मारपीट करने के आरोपी सभासद चेतन्य गंगवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि बीते दिनों दर्ज की गई रिपोर्ट के आधार पर गिरफ्तारी की गई है। आरोपी का चालान कर दिया है।

# शहर में बेपटरी इंतजाम, मनमाने ढंग से दौड़ रहे ई-रिक्शा

## कोई रूट न निगरानी, हाईवे पर भी नियम से अधिक सवारी बैठाकर भर रहे फर्राटा, कई बार हो चुके हादसे, रूट बनाए चार्ट भी चिपकाया, अब कोई सुध नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


ड्रमंडगंज चौराहा से जेपी रोड की तरफ जाते ई-रिक्शा। ● अमृत विचार


लकड़ी मंडी रोड पर जाम में फंसे अधिकांश वाहनों में ई-रिक्शा। ● अमृत विचार


बरेली गेट चौराहा पर ई-रिक्शा और अन्य वाहनों के बेतरतीब संचालन से फंसे वाहन।

**अमृत विचार:** शहर की बेपटरी यातायात व्यवस्था के सुधार पर जिम्मेदारों का कोई ध्यान नहीं है। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बैठकें आयोजित कर निर्देश जारी करने के बाद धरातल की तस्वीर को सुधारने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। कई बार शिकायतों और मुहिम शुरू करते हुए ई-रिक्शा के बेतरतीब संचालन को सुधारने की कवायद भी पस्त पड़ चुकी है। नतीजतन नो एंट्री जोन में ई-रिक्शाओं की बेलगाम रफ्तार जाम का सबब बनी हुई है। इसके अब न तो कोई रूट तय रह गए हैं, न ही कोई पुख्ता निगरानी है। जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

जाम की दिक्कतों से जूझती शहर की मुख्य सड़कों पर हालात बेहतर बनाने के लिए यूं तो लंबे समय से पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से प्रयास किए जाते रहे हैं।जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में भी कई बार जाम का मुद्दा उठ चुका है। व्यापारी संगठनों की ओर से भी बाजार में ट्रैफिक सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए ई-रिक्शा के बेतरतीब संचालन पर सवाल उठाए गए। जिसके बाद दौड़-भाग भी कम नहीं हुई। बाजार में कहने को तो नो एंट्री लागू रहती है। मगर इसका कितना पालन कराया जा रहा है, इसकी बानगी सड़कों पर फैली बदहाल तस्वीर बयां करने के लिए काफी है।

> यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए बाजार समेत अन्य मार्गों पर नो एंट्री लागू की गई है। बैरियर लगाकर कर्मचारियों की तैनाती भी की जाती है। कई बार नो एंट्री में प्रवेश करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई है। आगे और सख्ती की जाएगी। - **राघवेंद्र सिंह**, टीएसआई।

बीते सालों में सवाल उठाए गए तो पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभालते हुए बाजार में पूर्णतया ई-रिक्शा का प्रवेश रोक दिया था। ई-रिक्शा के रूट भी तय कर दिए गए थे। बकायदा इसका कुछ दिन पालन कराया गया और नियमों का उल्लंघन मिलने पर कार्रवाईयां भी हुई। मगर जिम्मेदार अधिकारियों के तबादले के साथ ही निगाहें फिरती चली गई और अब इसको कोई देखने वाला नहीं है। त्योहारी सीजन के आसपास कभी कभार यातायात पुलिस बाजार में नो एंट्री जोन के भीतर घूमने वाले ई-रिक्शा पर कार्रवाई कर देती है। मगर अधिकांश दिनों में इस पर कोई सख्ती नहीं है। मनमाने तरीके से ई-रिक्शा का संचालन किया जा रहा है।

बुधवार को भी अमृत विचार की टीम ने जाम का सबब बनते जा रहे ई-रिक्शा के बेतरतीब संचालन को लेकर पड़ताल की तो हर तरफ बेपरवाह तस्वीर उजागर होती दिखी। मुख्य बाजार में छीपियान चौराहा, ड्रमंडगंज चौराहा, चावला चौराहा, गैस चौराहा, जेपी रोड पर, बरेली गेट चौराहा समेत कई जगह बेधड़क ई-रिक्शा नो एंट्री प्वाइंट में प्रवेश कर जाम का सबब बनते रहे।

इसे लेकर कहासुनी भी होती रही। बाजार में चलते-चलते अचानक ई-रिक्शा मोड़ दिए गए और राहगीरों की टक्कर हुई। इसके अलावा ई-रिक्शा सड़क पर ही बीचोंबीच छोड़कर चले गए। उसके बाद जाम लगे या फिर पब्लिक परेशान हो। हालांकि कहीं कोई थाना या या ट्रैफिक पुलिसकर्मी व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी निभाता नहीं दिखा।

### भारी भरकम सामान ढो रहे तो हाईवे पर भी भर रहे फर्राटा

ई-रिक्शा का संचालन बिना कोई रूट को शहर भर में चल ही रहा है। वहीं, लंबे समय से सवारी के बजाय भारी भरकम लोहे का सामान लादकर भी मालवाहक वाहन के रुप में इसका प्रयोग आम हो चुका है। इसके अलावा हाईवे पर भी ई-रिक्शा फर्राटा भर रहे हैं। बीते दिनों कई हादसे भी हो चुके हैं, जिसमें ई-रिक्शा किसी भारी वाहन की चपेट में आए और उनमें सवार लोगों की जान भी चली गई।

### पंजीकरण से दोगुनी संख्या में ई-रिक्शा

सड़कों पर ई-रिक्शा का चलन बीते कुछ सालों में तेजी से बढ़ चुका है। मगर इनका पंजीकरण है या नहीं। इस पर सवाल पहले भी खड़े होते रहे हैं। अभी भी मौजूदा तस्वीर पूर्व की भांति ही है। बताते हैं कि करीब तीन से चार हजार ई-रिक्शा पंजीकृत हैं। मगर शहर में ही इसकी संख्या काफी अधिक है। पूर्व में अभियान चलाए गए तो ये बात खुलकर सामने भी आ गई थी। जिसके बाद अवैध ई-रिक्शा सीज किए गए और उनके खिलाफ कार्रवाईयां भी की गई। मगर अब फिर हालात जिम्मेदारों की नजर अंदाजगी से बदतर हो चुके हैं।


गांधी स्टेडियम रोड पर अचानक मोड़े गए ई-रिक्शा टकराने से बचे वाहन।

# चेयरमैन ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से की मुलाकात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बंद चीनी मिल की जमीन पर बनवाया जाए इंटीग्रेटेड शुगर कॉम्प्लेक्स
- मझोला क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से की चर्चा


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह।

**अमृत विचार:** नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा के चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान मझोला क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

चेयरमैन निशांत सिंह ने मझोला में वर्षों से बंद पड़ी चीनी मिल की करीब 125 एकड़ भूमि पर इंटीग्रेटेड शुगर कॉम्प्लेक्स स्थापित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि मझोला चीनी मिल पिछले करीब 18 वर्षों से बंद है। जिसके चलते क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। साथ ही, वर्ष 2015 में संचालित मझोला डिस्टलरी भी पुनः बंद होने से स्थानीय रोजगार के अवसरों में भारी कमी आई है।

उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अगर इस भूमि पर इंटीग्रेटेड शुगर कॉम्प्लेक्स की स्थापना होती है,

तो इससे न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि मझोला बाजार की खोई हुई रौनक भी पुनः लौट आएगी। यह परियोजना क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में मील का पत्थर सिद्ध हो सकती है। इसके अलावा उन्होंने नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा के सीमा विस्तार का प्रस्ताव रखते हुए भिंडारा और गिधौर ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत में शामिल किए जाने की मांग भी रखी।

मझोला को ब्लॉक घोषित किए जाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। वहीं, मझोला-अमरिया रोड एवं मझोला-सितारगंज रोड के खराब निर्माण की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट करते हुए इनके शीघ्र सुदृढ़ीकरण की मांग की। मिश्रा कॉलोनी स्थित सरकारी अस्पताल के विस्तार एवं उन्नयन की आवश्यकता को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं पर आश्वस्त किया है।

# पिता से मारपीट कर रहे युवक ने पड़ोसी पर किया हमला

**पीलीभीत, अमृत विचार** : सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेनी चौधरी निवासी शानू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार रात वह घर से निकला तो देखा कि पड़ोसी मोहसिन नशे में अपने पिता के साथ गाली-गलौज व मारपीट कर रहा था। शोर-शराबा सुनकर जब उसने मोहसिन को ऐसा करने से मना किया तो वह आगबबूला हो गया। आरोप है कि मोहसिन ने गली में पड़े कांच के नुकीले टुकड़े से शानू पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पीटीआर में वन्यजीवों की प्यास बुझाने को तैयारी शुरू


पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बना वाटर होल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एक-एक लाख रुपये की लागत से पांच सोलर पंप बेस्ड वाटर होल बनाने शुरू

**अमृत विचार:** बढ़ते तापमान और आगामी भीषण गर्मी की चुनौतियों को देखते हुए टाइगर रिजर्व प्रशासन ने वन्यजीवों को पेयजल संकट से बचाने को इंतजाम शुरू किए हैं। इसको लेकर रेंजों में वन्यजीवों के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नए सत्र में पांच नए सोलर पंप बेस्ड वाटर होल तैयार किए जा रहे हैं। इन नए वाटर होल के निर्माण के साथ ही पीटीआर में अब संख्या 60 हो जाएगी, जिससे वन्यजीवों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैला हुआ है। वैसे तो जैव विविधता से भरपूर संरक्षित जंगल से तमाम नदी नाले और वैटलैंड भी हैं। मगर, गर्मी में देखते हुए वन अफसरों को वन्यजीवों को पीने का पानी उपलब्ध कराने की चिंता सताने लगी है।

टाइगर रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सभी पांच रेंजों में 55 से अधिक वाटर होल है। इसमें करीब 26 जलाशय एवं वॉटर होल ऐसे थे, जिनमें सोलर पंप के माध्यम से पानी भरा जाता थ। इसके अलावा

> समय से पहले बढ़ी गर्मी को देखते हुए वन्यजीवों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। संरक्षित क्षेत्रों को प्राकृतवास एवं वन्यजीव प्रबंधन योजना के अंतर्गत 05 नए वाटर होल का निर्माण शुरू कराया गया है। जल्द ही इनका निर्माण भी पूरा कर लिया जाएगा। -**मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व।

शेष अन्य प्राकृतिक जलस्रोत पर आधारित हैं, इनमें पानी की मात्रा कम होने पर टैंकरों के माध्यम से पानी भरा जा रहा था।

बीते वर्ष पीलीभीत टाइगर रिजर्व के साथ एमओयू साइन करने वाली एमथ्रीएम फाउंडेशन ने टाइगर रिजर्व को तीन सोलर पंप उपलब्ध कराए थे। ऐसे में टाइगर रिजर्व में सोलर पंप से रिचार्ज होने वाले जलाशयों एवं वाटर होल की संख्या बढ़कर 29 हो गई थी। इधर, टाइगर रिजर्व प्रशासन ने नए सत्र में 5 और वाटर होल बनाने का निर्णय लिया है। टाइगर रिजर्व प्रशासन की ओर से 1-1 लाख रुपये से बनने वाले इन वाटर होल के लिए उपयुक्त जगह चिन्हित करते हुए इनका निर्माण भी शुरू करा दिया गया है।

# जिले में अस्तित्व की जंग लड़ रहे कुओं के जीर्णोद्धार की बढ़ी आस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


महज कूड़ेदान बन कर रह गया शहर का प्राचीन कुआं।

- सीडीओ ने सर्वे कर कुओं की स्थिति का आकलन करने के दिए निर्देश
- समाजसेवी ने कुओं के जीर्णोद्धार को पर्यावरण मंत्रालय को भेजा था पत्र

**अमृत विचार:** जनपद की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति के अभिन्न हिस्सा रहे कुएं अब इतिहास के पन्नों में सिमटते जा रहे हैं। कभी गांव की चौपाल की रौनक और पेयजल का मुख्य स्रोत रहने वाले ये कुएं आज उपेक्षा के कारण दम तोड़ रहे हैं। देखरेख के अभाव में जनपद के दर्जनों पौराणिक एवं ऐतिहासिक कुओं का अस्तित्व ही खत्म हो चुका है और जो शेष बचे हैं,वे भी खत्म होने के कगार पर है। शहर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप की पहल पर कुओं के जीर्णोद्धार की आस जागी है। सीडीओ ने कुंओं से संबंधित रिपोर्ट सप्ताह भर में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

जनपद में कई ऐसी धरोहरें हैं जो कहीं न कहीं प्राचीन और पौराणिक इतिहास से जुड़ी हुई है। कुआं भी प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति का हिस्सा रहा है। मगर, वर्तमान परिवेश में अनदेखी के चलते कुएं अस्तित्व की जंग लड़ते नजर आ रहे हैं। कई जगहों पर तो कुओं का अस्तित्व ही मिट चुका है। जनपद में कुओं की स्थिति की बात करें तो जानकारों के मुताबिक 50-60 के दशक के बाद से गांवों में स्थित कुओं की देखभाल धीरे-धीरे कम होने लगी और नतीजा यह हुआ कि अब कुआं का अस्तित्व ही मिटता जा रहा है। पिछले चार दशक पहले तक ग्रामीण इलाकों में कुएं पीने के पानी पानी और सिंचाई के मुख्य स्रोत हुआ करते थे। गांवों में कई पुराने कुओं का पानी पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। वहीं कुछ कुओं का पानी समाप्त होने के कगार पर है। बचे हुए कुओं की दशा भी वर्तमान समय में इस कदर खराब हो चुकी है कि वेअब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ते दिख रहे हैं। मौजूदा समय में कुएं का महत्व केवल विवाह एवं जन्म संस्कार के समय पूजन तक सिमट कर रह गया है। हालांकि कुछ ग्रामीण इलाकों में आज भी पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए दर्जनों कुएं मौजूद हैं। इनमें आज भी पानी तो है, लेकिन आजकल जल के अन्य साधन होने के कारण कुएं के पानी का उपयोग न के बराबर रह गया है। इसको लेकर शहर के सिविल लाइंस निवासी सामाजिक कार्यकर्ता/अधिवक्ता शिवम कश्यप ने प्रयास शुरू किए हैं। पूर्व में उन्होंने पर्यावरण मंत्रालय के अलावा अन्य जगहों पर पत्राचार कर कुएं के अस्तित्व को बचाने की गुहार लगाई थी।

### सीडीओ ने सप्ताह भर में मांगी रिपोर्ट

इधर सामाजिक कायकर्ता के पत्र को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने बेहद गंभीरता से लिया है। मुख्य विकास अधिकारी ने इसको लेकर डीपीआरओ को पत्र जारी किया है। पत्र के माध्यम से निर्देश दिए गए हैं कि ग्राम पंचायतों में सर्वे कराकर कुओं की स्थिति का आकलन करें और एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सर्वे में यह देखा जाएगा कि कितने कुएं क्रियाशील हैं और कितनों को मरम्मत की आवश्यकता है। सर्वे के आधार पर इनके जीर्णोद्धार की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

### सनातन संस्कृति में कुआं पूजन का विशेष महत्व

पंडित देव ऋषि शास्त्री का कहना है कि सनातन संस्कृति में कुआं पूजन का गहरा आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व है, विशेषकर विवाह संस्कारों में यह अनिवार्य रस्म है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज कुओं के अभाव में महज एक बाल्टी पानी भरकर इस परंपरा की औपचारिकता पूरी की जा रही है, जो कि मूल भावना के विपरीत है। सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा कुओं के संरक्षण और पुनरुद्धार की उठाई गई यह मांग समय की पुकार है। यदि आज हम अपनी इन अमूल्य धरोहरों को बचाने के लिए गंभीर नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियां कुओं के अस्तित्व से पूरी तरह अपरिचित रह जाएंगी।

# नाबालिग के साथ सौतेले पिता ने किया दुष्कर्म, गर्भवती होने पर खुली पोल

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** सौतेले पिता द्वारा एक किशोरी का यौन उत्पीड़न करने का मामला बरखेड़ा क्षेत्र से सामने आया है। इसका खुलासा उस वक्त हुआ जब किशोरी के पेट में दर्द होने पर दिखवाया गया। किशोरी गर्भवती हालत में निकली। फिलहाल पुलिस ने मां से मिली तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने दूसरे पति के साथ रहती हैं। पहले पति से उसकी 16 वर्षीय पुत्री है, वह भी साथ रहती है। आरोप है कि पति ने कई दिनों तक जबरन अपनी सौतेली पुत्री से शारीरिक संबंध बनाए। इसकी उनको कोई जानकारी नहीं थी। मंगलवार को जब पुत्री के पेट में दर्द उठा तो चेक कराया गयाऽ। इस पर पुत्री के गर्भवती होने की जानकारी हुई। इस पर जब पुत्री से सवाल जवाब किए गए तो उसने पूरी बात बताई। आरोप है कि पति डरा धमकाकर सौतेली पुत्री से दुष्कर्म करता रहा। शिकातय करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती रही। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ बीसलपुर प्रगति चौहान ने भी गांव पहुंचकर पीड़िता से मुलाकात कर घटना के बारे में जानकारी की।

इंस्पेक्टर बरखेड़ा प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में महिला से मिली तहरीर पर उसके पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना कराई जा रही है। वहीं, इस मामले की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर भी दी गई थी। इस पर दिन में ही संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, परियोजना समन्वयक निर्वाण सिंह, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से कांस्टेबल भानु प्रताप, अमित और सीमा पहुंचे थे। किशोरी की मां समेत अन्य परिवार से जानकारी की गई थी और फिर तहरीर देने को कहा था। जिसके बाद कार्रवाई हो सकी है।

- मां ने दर्ज कराई पति के खिलाफ के एफआईआर

### बाल विवाह की सूचना पर दौड़ी टीम, शादी रुकवाई

**पीलीभीत, अमृत विचार** : चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर आई शिकायत के बाद महिला कल्याण विभाग और पुलिस बल ने छापामारी की। थाना जहानाबाद क्षेत्र में एक व्यक्ति अपनी नाबालिग पुत्री का विवाह जनपद बरेली के एक युवक से कराने की तैयारी में था। शादी की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं और एक अप्रैल को विवाह संपन्न होना था। इसी बीच सूचना पर पहुंची टीम ने बाल विवाह को रुकवा दिया। बालिका को अब अग्रिम कार्रवाई के लिए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**किए प्रयास** | वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन विकास कार्यों को मिली वित्तीय स्वीकृति

# पीलीभीत में 169 करोड़ से सुधरेंगे सेतु और संपर्क मार्ग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जिले के पांच मुख्य पुल और संपर्क मार्ग पर कराया जाएगा काम

**अमृत विचार:** वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन 31 मार्च को पीलीभीत के लिए विकास कार्यों की दिशा में बड़ी राहत मिली है। 169 करोड़ की सेतु एवं संपर्क मार्ग परियोजनाओं को शासन स्तर से वित्तीय स्वीकृति दी गई है। जिसके बाद अब जल्द ही संबंधित क्षेत्र की बड़ी आबादी के लिए आवागमन की राह आसान हो सकेगी और विकास की तस्वीर भी बदलेगी।

काफी समय से कई प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित थे। इसमें सेतु एवं संपर्क मार्ग परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति न मिलने से स्थानीय लोगों की मुसीबत बरकरार थी। क्षेत्रीय विधायकों की ओर से अपने स्तर से प्रयास करने के साथ ही केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद को प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए थे। इस पर केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कई मौकों पर मुलाकात कर इनके संबंध में निर्माण की मांग रखी थी।

वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर 31 मार्च का दिन इन परियोजनाओं के लिए खास बन गया। जिसके बाद इनकी वित्तीय स्वीकृति मिल गई। इसमें तहसील कलीनगर क्षेत्र के हरदोई शाखा नहर पर ग्राम डगा के पास पूरनपुर-खटीमा मार्ग पर पूर्व निर्मित सेतु के समानांतर पुल एवं हरदोई शाखा नहर के ही किमी 7.591 पर पीलीभीत माधोटांडा मार्ग पर स्थित पुल के समानांतर पुल व पहुंच मार्ग के निर्माण की स्वीकृति भी मिल गई।

इन दोनों पुलों की लागत करीब 53 करोड़ रुपये है। इनके बनने के बाद काफी राहत मिल सकेगी। इसी तरह ग्राम बबूरा भदेनकंजा मात्रिया में गुरुद्वारा सिखसभा मानपुर मार्ग पर बॉक्स क्लवर्ट, पहुंच मार्ग और सुरक्षात्मक कार्य की स्वीकृति भी दी गई है। जिसकी लागत 72 लाख है। इस पुल के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा। लंबे समय से क्षतिग्रस्त पुलों के बाद आवागमन की समस्या को लेकर भी समाधान हो सकेगा।

> मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में आधारभूत संरचना के निर्माण के में व्यापक कार्य हो रहे हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि किसान, व्यापारी, विद्यार्थी समेत हर वर्ग के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। -**जितिन प्रसाद**, केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद



> विधानसभा क्षेत्र के कई मार्ग एवं पुल पुलियों के रखरखाव और एप्रोच रोड आदि के निर्माण के लिए पूर्व में प्रस्ताव भेजे गए थे। जिनकी स्वीकृति शासन से मिली है। पीलीभीत विधानसभा क्षेत्र में उपरोक्त पुल पुलियों के एप्रोच रोड और क्षतिग्रस्त मार्गों के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी। -**संजय सिंह गंगवार**, राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार।



### सदर विधानसभा क्षेत्र में 115.54 करोड़ से होगा पुल-पुलियों का काम

पीलीभीत सदर विधानसभा क्षेत्र के भी कई मार्ग एवं पुल पुलियों की दशा जल्द सुधरने वाली है। इसके लिए शासन ने 115 .54 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। विधानसभा क्षेत्र के कई मार्ग एवं पुल पुलियों के रखरखाव और एप्रोच रोड आदि के निर्माण के लिए पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव पर स्वीकृति मिली है। पीलीभीत मझोला मार्ग से माधोपुर चौक फरीदपुर, अमखड़िया, डांग, रिछा जहानाबाद मार्ग पर के किमी पांच में सेतु, बैलेंसिंग आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट, क्षतिग्रस्त रपटा, पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य कराए जाएंगे। यह परियोजना जनपद के एक बड़े भू-भाग को जोड़ते हुए न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी बल्कि दूरस्थ एवं पिछड़े क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़कर आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# दिन में चक्का जाम, गिरफ्तारी न होने पर रोका अंतिम संस्कार

## झगड़े में घायल हुए युवक की मौत के मामले में दूसरे दिन परिजनों में आक्रोश, पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मनाने में जुटे रहे, नहीं बनीं बात

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** हमले में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिवार वाले दूसरे दिन भी अडिग रहे। तड़के ही मुख्य मार्गपर शव रखकर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। तीन घंटे बाद उन्हें आश्वस्त कर शांत कराया गया। इसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक अंतिम संस्कार करने से इन्कार कर दिया। पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया जाता रहा। हालांकि परिवार ने अब गुरुवार सुबह अंतिम संस्कार करने की बात कही है। जिसे लेकर पुलिस विभाग में खलबली मची रही।



आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर जाम लगाकर प्रदर्शन करती भीड़। ● अमृत विचार

कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के गोबल पतिपुरा गांव में जमीन के विवाद में दो पक्षों में पुरानी रंजिश है। इसी रंजिश को चलते 27 मार्च को दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी। उस वक्त पुलिस ने एक पक्ष के मुनेंद्र सिंह की तहरीर पर ओम शंकर, रवि प्रकाश, बृजेश, लोकेश, धर्मेंद्र और दूसरे पक्ष के बृजेश कुमार की ओर से अनुराग यादव, नरदेव, मुनेंद्र यादव, अभिषेक व विवेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

एक पक्ष से घायल 30 वर्षीय रवि प्रकाश की हालत गंभीर होने पर बरेली भर्ती कराया गया था। वहां उसकी इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई थी। बरेली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया था। शव गांव पहुंचने से पहले ही एकत्र परिजन ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर बुधवार सुबह चक्का जाम करने की चेतावनी दी थी। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के प्रेम सागर पटेल की अगुवाई में भी कार्यकर्ता पहुंचे थे।

पुलिस ने आश्वस्त किया लेकिन रात भर में गिरफ्तारी नहीं कर सकी। जिसके बाद सोमवार सुबह परिवार वालों संग जमा हुई भीड़ ने गांव के बाहर मुख्य मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। इसकी सूचना मिलने पर एसडीएम बीसलपुर नागेंद्र पांडेय, सीओ प्रगति चौहान , कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ पहुंच गए। परिवार से वार्ता की गई लेकिन वह अपनी मांग पर अडिग रहे। इसके शाम पांच बजे तक का समय दिया गया था। जाम करीब तीन घंटे बाद खुल गया। इसके बाद भी परिवार वालों ने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया।

शाम को दोबारा पुलिस अधिकारी पहुंचे और वार्ता की। इस पर परिवार ने बिना गिरफ्तारी शव का अंतिम संस्कार करने से साफ इन्कार कर दिया। जिसके बाद पुलिस विभाग में खलबली मच गई। पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा भी परिवार से मिलने पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी करते हुए मृतक के परिवार को ढांढस बंधाया। हालांकि परिजन आरोपियों की गिरफ्तार की मांग करते रहे।

शव का अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह करने की बात कह दी गई। जिससे पुलिस की परेशानी बनी हुई है। इधर, पुलिस की टीमें दबिश देती रही लेकिन देर शाम तक कोई सफलता नहीं मिल सकी। सीओ प्रगति चौहान का कहना है कि पुलिस की टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगी हुई है। गांव में भी पुलिस बल की तैनाती की गई है। मामले में नियमानुसार कार्रवाई कराई जा रही है।

### आरोपी घर से फरार निकलवाए गोवंश

घटना के नामजद आरोपी घर से फरार हो चुके थे। दो दिन से उनके घरों में पालतु चार गोवंश भूख से तड़प रहे थे। अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस बल गांव पहुंचा तो पशुओं के चिल्लाने की आवाज आरोपियों के घर के भीतर से सुनाई दी। इस पर अधिकारियों की मौजूदगी में ही पीछे की तरफ से घरों के भीतर से फंसे गोवंश बाहर निकाले और उनको वाहन में लादकर गोशाला भेज दिया है।

### कई थानों की पुलिस पहुंची, सीओ सिटी भी बुलाए

परिवार की ओर से किए गए अंतिम संस्कार से इन्कार के बाद दोबारा चक्का जाम न कर दिया जाए। इसे लेकर पुलिस विभाग अलर्ट रहा। बढ़ती भीड़ तो देखते हुए दियोरियाकलां, बरखेड़ा, बिलसंडा समेत आसपास के कई थानों की पुलिस बुला ली गई। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भी पुलिस बल के साथ पहुंच गए। इसके बाद परिवार वालों को कार्रवाई का आश्वासन देकर मनाने का सिलसिला चलता रहा। बताते हैं कि परिवार ने एक और तहरीर भी पुलिस को दी है। जिसमें कुछ अन्य नाम भी बढ़ाए गए हैं।उसके आधार पर मामले में विधिक कार्रवाई करने की मांग भी की गई है।



परिवार वालों को आश्वासन देकर शांत करातीं सीओ प्रगति चौहान।



परिवार के लोगों को ढांढस बंधाने पहुंचे पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा। ● अमृत विचार

# डीएम ने साप्ताहिक बंदी का रोस्टर किया जारी

**पीलीभीत, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 के अंतर्गत डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने जनपद के विभिन्न नगरीय क्षेत्रों के लिए वर्ष 2026 का साप्ताहिक बंदी दिवस निर्धारित कर दिया है। आदेश के अनुसार पीलीभीत, बीसलपुर, पूरनपुर, न्यूरिया हुसैनपुर, बिलसंडा, गुलडिया भिंडारा, जहानाबाद, कलीनगर, बरखेड़ा के लिए अलग-अलग दिन तय हैं। रोस्टर में पीलीभीत शहर में मंगलवार को सामान्य प्रतिष्ठान व दुकानें बंद रहेगीं।

रविवार को नगर सीमा के सभी धान कारखाने, ट्रैक्टर एजेंसियां, मशीनरी स्टोर्स, गांधी स्टेडियम रोड की बुक डिपो और टाइप इंस्टीट्यूट बंद रहेंगे। गैस एजेंसियां सोमवार को बंद रहेगी। पूरनपुर, न्यूरिया हुसैनपुर और बरखेड़ा में सोमवार को बंदी रहेगी। नाइयों व केश प्रसाधनों की दुकानें मंगलवार को बंद रहेंगी। बीसलपुर एवं गुलड़िया भिंडारा में शुक्रवार को साप्ताहिक बंदी निर्धारित है। बिलसंडा व कलीनगर में बुधवार को बाजार बंद रहेंगे। जहानाबाद में सोमवार को सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। डीएम ने कहा नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही की जाएगी।

# गन्ना छील रहे मजदूर पर बाघ का हमला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- साथी मजदूरों द्वारा शोर-शराबे पर बची मजदूर की जान

**अमृत विचार:** ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाघ का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को गन्ना छील रहे एक मजदूर पर बाघ ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। अन्य मजदूरों द्वारा शोर मचाने पर बाघ घायल को छोड़कर दोबारा गन्ने के खेत में जा छिपा। घायल को आनन-फानन में पड़ोसी जिले लखीमपुर खीरी के पलिया स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव मुरैनिया गांधीनगर की है। यह गांव संपूर्णानगर रेंज के अंतर्गत आता है। गांव निवासी भारत (56) बुधवार सुबह करीब 11 बजे गांव के ही पदम चौधरी के खेत में अन्य मजदूरों के साथ गन्ना छील रहा था। इसी बीच गन्ने के खेत से निकले बाघ ने भारत पर हमला बोल दिया। बाघ के हमले से मौके पर चीख-पुकार मच गई और अन्य मजदूरों में भगदड़ की स्थिति बन गई। हालांकि मजदूरों ने हिम्मत जुटाकर शोर मचाना शुरू किया। जिस पर बाघ मजदूर को छोड़कर वापस खेत में भाग गया।



अस्पताल में भर्ती घायल भारत।

घायल मजदूर को इलाज के लिए पलिया के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर सूचना मिलते ही संपूर्णानगर के रेंजर ललित कुमार ने अस्पताल पहुंचकर घायल का हाल जाना और घटना की जानकारी ली। वन विभाग की टीम ने मौके पर जाकर जांच की, हालांकि टीम को बाघ या तेंदुए के स्पष्ट पगमार्क नहीं मिले हैं।

इस संबंध में रेंजर ललित कुमार ने बताया कि मजदूर पर हमले की सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेजा गया था। घायल से मिलकर घटना की जानकारी ली गई है। क्षेत्र में बाघ और तेंदुए की निगरानी के लिए टीमें पहले से ही सक्रिय हैं। लोगों को सतर्क रहने और समूह में खेतों पर जाने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि कबीरगंज के पास बाघ को पकड़ने के लिए पिंजड़ा भी लगाया गया है।

# गैर इरादतन हत्या में दो आरोपियों को 5 साल कैद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के गैर इरादतन हत्या के छह साल पुराने मामले में सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार ने फैसला सुनाया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद दो आरोपी ग्राम बढेपुरा धारम निवासी महेंद्र पाल पुत्र छेदालाल और रामप्रकाश पुत्र महेंद्रपाल को दोषी पाते हुए पांच साल कैद और जुर्माने से दंडित किया है।

अभियोजन कथानक के अनुसार कोतवाली बीसलपुर में गांव के ही दीनदयाल पुत्र छेदालाल ने 20 मई 2020 की शाम जुबानी सूचना दी। जिसके आधार पर एनसीआर दर्ज की गई।जिसमें बताया कि वह अपने खेत पर पानी चला रहे थे। इस बीच आरोपियों ने आकर उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर लाठी डंडे से हमला कर मारपीट की गई। उसके परिवार के ही सदस्यों से भी मारपीट की गई।पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। इलाज के दौरान घायल रोहित की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और गैर इरादतन हत्या की धाराओं में एफआईआर तरमीम की गई। विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार ने गैर इरादतन हत्या का दोषी पाते हुए आरोपी महेंद्रपाल और रामप्रकाश को 5 साल कैद और 25-25 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। ये भी आदेश दिए कि अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

# सऊदी भेजने के नाम पर ठगी, फंसा युवक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एजेंट ने ड्राइवर की नौकरी का झांसा देकर वसूले 1.8 लाख रुपये

**अमृत विचार :** सऊदी अरब भेजने के नाम पर एजेंट ने लाखों रुपये ठग लिए और वहां पहुंचने के बाद युवक को बंधक जैसी परिस्थितियों में रहने को मजबूर कर दिया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदोई निवासी तरन्नुम फात्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरठ के ललयानी निवासी एजेंट मोहम्मद अफजाल ने उनके पति फिरोज शाह को सऊदी अरब की एक कंपनी में ड्राइवर की नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। इसके एवज में आरोपी ने किश्तों में कुल 1.08 लाख रुपये वसूले। 22 सितंबर 2025 को दो वर्ष के अनुबंध की बात तय हुई थी, लेकिन आरोप है कि सऊदी पहुंचने के बाद एजेंट ने धोखे से मोबाइल का ओटीपी लेकर अनुबंध अवधि चार वर्ष कर दी।

पीड़िता के मुताबिक वहां फिरोज को न तो रहने की समुचित व्यवस्था दी गई और न ही भोजन की सुविधा। मजबूरी में उसे वाहन में ही सोना पड़ रहा है और समय पर वेतन भी नहीं मिल रहा। इतना ही नहीं, वाहन की पार्किंग का खर्च भी उससे वसूला जा रहा है, जो अनुबंध का हिस्सा नहीं था। आरोप है कि अब यदि फिरोज भारत लौटना चाहता है, तो उस पर 4.74 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा रहा है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि उच्चधिकारियों के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# कार में लगी आग से झोपड़ी भी जली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- झोपड़ी में रखा घरेलू सामान और अनाज भी आग की भेंट चढ़ गया
- फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची कर्मियों ने बुझाई आग

**अमृत विचार :** गजरौला क्षेत्र के गांव जैतपुर में मंगलवार रात अवैध तरीके से एलपीजी गैस रिफलिंग के दौरान हादसा हो गया। कार में अचानक लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया, जिसकी चपेट में आकर ग्रामीण की झोपड़ी भी जल गई। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू किया।



रिफिलिंग के दौरान लगी आग।

थाना गजरौला क्षेत्र के जैतपुर निवासी माखनलाल के घर मंगलवार रात करीब नौ बजे उनके रिश्तेदार हरिओम निवासी मूसेपुर (थाना बरखेड़ा) कार लेकर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि घर के पास ही कार में अवैध रूप से एलपीजी गैस की रिफिलिंग की जा रही थी। इसी दौरान गैस रिसाव होने से कार में अचानक आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते,आग की लपटों ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि पास में स्थित माखनलाल की झोपड़ी तक पहुंच गई। सूखी घास और लकड़ी से बनी झोपड़ी ने तुरंत आग पकड़ ली और देखते ही देखते पूरी तरह जलकर राख हो गई। झोपड़ी में रखा घरेलू सामान और अनाज भी आग की भेंट चढ़ गया।

हादसे में दो पशु भी झुलस गए। सूचना मिलते ही गजरौला कलां पुलिस और अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों के सहयोग से काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना रहा। एसओ गजरौला ब्रजवीर सिंह ने बताया कि देर रात सूचना मिली थी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची थी। प्रथम दृष्यता मामला रिफिलिंग का निकला है।

# घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बरेली जिले के कोतवाली फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र के गांव सरैदा निवासी मुंशीलाल (65) तीन दिन पहले अपने घर से गजरौला क्षेत्र में रिश्तेदार के यहां जाने की बात कहकर निकले थे। इस दौरान जहानाबाद कोतवाली क्षेत्र में शाही रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर वह अचेत होकर गिर पड़े। स्टेशन पर बेसुध पड़े वृद्ध को आरपीएफ के जवानों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा था। हालत में सुधार न होने पर बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई। परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए।

# सुबह 6 बजे होगा सफारी वाहनों का संचालन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गर्मी के मौसम को देखते हुए टाइगर रिजर्व प्रशासन ने बदला समय
- पीटीआर में दो जोन में बांटकर संचालित किए जा रहे सफारी वाहन

**अमृत विचार।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में अब रोजाना सुबह छह बजे और शाम को 3.30 बजे से सफारी वाहनों का संचालन किया जाएगा। गर्मी के मौसम को देखते हुए टाइगर रिजर्व प्रशासन ने सफारी वाहनों के समय में बदलाव किया है। सर्दी के दौरान सफारी वाहनों का संचालन सुबह 6.30 बजे से किया जाता था।



मुस्तफाबाद में खड़े सफारी वाहन। ● अमृत विचार

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटन सत्र के दौरान सैलानियों की सुविधा के लिए सफारी वाहनों का संचालन किया जा रहा है। इसमें 28 जीनॉन सफारी एवं करीब 47 जिप्सी वाहनों का संचालन किया गया है। चालू पर्यटन सत्र में मुस्तफाबाद गेट, महोफ गेट, बराही गेट समेत शहर स्थित नेहरू ऊर्जा उद्यान से इन सफारी वाहनों का संचालन किया जा रहा है। सफारी वाहनों के माध्यम से ही पर्यटक पीटीआर में सैर करने के साथ चूका बीच समेत अन्य टूरिज्म प्वाइंटों तक पहुंचते हैं। टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा इन सफारी वाहनों को दो शिफ्टों में दो जोन में बांटकर संचालन किया जा रहा है।

इधर गर्मी के मौसम के मौसम को देखते हुए दोनों शिफ्टों के समय में बदलाव किया गया है। इधर गर्मी के दृष्टिगत अब सफारी सफारी वाहनों के संचालन को लेकर नया आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के मुताबिक सुबह की पहली शिफ्ट में सफारी वाहनों का संचालन सुबह 06 बजे से 09 बजे तक किया जाएगा, जबकि शाम की शिफ्ट में 03 बजे से 6.30 बजे तक सफारी वाहन संचालित किए जाएंगें। शाम की शिफ्ट में पर्यटकों को आधा घंटा बढ़ाकर दिया गया है। जबकि पूर्व में सुबह 06.30 बजे ये 10 बजे और अपरान्ह में 02.30 बजे से 05 बजे तक संचालन किया जा रहा था।

> पीटीआर में गर्मी के मौसम को देखते हुए सफारी वाहनों के संचालन में बदलाव किया गया है। सुबह की शिफ्ट में अब आधा घंटा पहले सफारी वाहन संचालित किए जाएंगें। इसको लेकर दिशा निर्देश जारी किए जा चुके हैं। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व।

# जिले में गूंजा स्कूल चलो अभियान, नए सत्र में बच्चों की पढ़ाई शुरू

## हवन-पूजन तो कहीं बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत, स्कूल यूनिफार्म में सजधज कर पहुंचे नन्हे-मुन्ने

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन बुधवार को जिले में शिक्षा का उत्साह पूरे शबाब पर नजर आया। एक ओर जहां पहली अप्रैल से परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई विधिवत शुरू हो गई, वहीं स्कूल चलो अभियान के तहत जिलेभर में जागरुकता की अलख जगाई गई।

नगर क्षेत्र स्थित सदर विद्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सव जैसा हो गया।

कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को ज्ञान और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि जब हर बच्चा विद्यालय पहुंचेगा, तभी देश का भविष्य सशक्त बनेगा।

वहीं मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने शत-प्रतिशत नामांकन को प्रशासन और समाज की साझा जिम्मेदारी बताया। इस अवसर पर नवप्रवेशित बच्चों को पाठ्य-पुस्तकें वितरित की गईं और उत्कृष्ट नामांकन कार्य करने वाले शिक्षकों ज्ञान प्रकाश, संतोष वर्मा, कुलदीप, राम मनोरथ और रमाकांत को सम्मानित किया गया। जिसके बाद अधिकारियों ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें बच्चों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता के नारे लगाते हुए लोगों को प्रेरित किया।



प्राथमिक विद्यालय सदर में बच्चों को पुस्तकें देते भाजपा जिलाध्यक्ष, सीडीओ व बीएसए।



पहले दिन कार्यक्रम में मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

- अभियान का उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना

### सत्र शुरू होते ही बच्चों के हाथों में किताबें

परिषदीय विद्यालयों में इस बार सत्र शुरू होने से पहले ही तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। लगभग एक माह से लगातार पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया जा रहा था, जिससे पहली अप्रैल को स्कूल खुलने के साथ ही बच्चों के हाथों में किताबें उपलब्ध रहीं। इसका सीधा असर यह दिखा कि नए सत्र के पहले ही दिन से पढ़ाई बिना किसी बाधा के शुरू हो गई। शिक्षक भी पहले दिन से ही पाठ्यक्रम के अनुसार कक्षाएं संचालित करते नजर आए, जिससे शिक्षा व्यवस्था में सुधार का सकारात्मक संकेत मिल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### रास्ते में घेर कर युवक को पीटा, घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** गांव कारीपोखर निवासी राजू सिंह ने बताया कि रात करीब 9 बजे उसका मामा मुन्ना सिंह खाना लेने के लिए अपने परिचित के घर गया था। वापस लौटते समय राहुल सिंह ने मुन्ना सिंह के सिर पर लाठी से वार किया, जिससे उनके सिर से काफी खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सुलह न करने पर दो भाइयों की पिटाई

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा के गांव रामनगर लहबड़ी में गांव के ही चार लोगों ने सुलह न करने की खुन्नस में गाली-गलौज करते हुए दो सगे भाईयों की जमकर पिटाई कर दी। नासिरा पत्नी सफीउल्ला ने बताया कि मंगलवार को गांव के सलाहुद्दीन, समीउल्ला, सनाउल्ला और कलीमुद्दीन ने उसके बेटे मोहम्मद सना के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब दूसरा बेटा फरमान उसे बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी पीट दिया। मारपीट के दौरान सना के गुप्तांग समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। दोनों घायलों का इलाज सीएचसी में कराया जा रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई अरुण कुमार तिवारी को सौंपी है।

### जमीन के विवाद में मारपीट, तीन घायल

**लखीमपुर खीरी,** थाना ईसानगर के गांव सधुआपुर निवासी जवाहर लाल ने बताया कि गांव के ही सुशील और उसकी पत्नी रूबी उसके खेत में बंधे जानवरों को खोलकर भगा रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। इससे नाराज होकर सुशील और रूबी ने गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर पत्नी बशंती देवी और बेटी दीपिका मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव करने लगीं, लेकिन आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हवन-पूजन व सुंदरकांड पाठ के साथ नवीन सत्र आरंभ



**लखीमपुर खीरी।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिससे पूरे परिसर में आध्यात्मिक एवं सकारात्मक वातावरण का संचार हुआ। मुख्य अतिथि कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. स्पर्श भल्ला, विशिष्ट अतिथि हरीश बाजपेई रहे। अतिथियों ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व हवन-पूजन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई प्रबंधक चंद्र भूषण साहनी, तुषार गर्ग, ममता अग्रवाल, सीए अमित गुप्ता एवं कर्नल सीपी मिश्रा मौजूद रहे। उधर, राजाजीपुरम स्थित आरएम ज्ञानदायिनी इंटर कॉलेज में प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट एवं प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला ने विधिवत हवन-पूजन कर नये सत्र का शुभारंभ किया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने आहुतियां दीं।

### हवन-पूजन के साथ पढ़ाई शुरू



**लखीमपुर खीरी।** विद्या भारती से संबद्ध डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर, आवास-विकास में बुधवार को नये शिक्षा सत्र का शुभारंभ हवन-पूजन के साथ विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम प्रमुख सुधाकर स्वरूप आचार्य, प्रथम सहायक सर्वेश वाजपेयी और प्रधानाचार्य राममणि मिश्र आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# शेरपुर में स्कूल चलो अभियान की बच्चों ने निकाली रैली



शेरपुर स्कूल में छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत करती शिक्षिका। ● अमृत विचार

**केशवापुर, अमृत विचारः** उच्च प्राथमिक विद्यालय सकेथू में कक्षा 8 के छात्रों का शुभ्रा पटेल और कक्षा 7 के छात्रों का पंकज कुमार तथा कक्षा 6 के छात्रों का मिथिलेश कुमार ने तिलक लगाकर स्वागत किया। वही शेरपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक पिंकू के नेतृत्व में बच्चों ने स्कूल चलो अभियान की रैली निकालकर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। सेमरई, भल्लिया बुजुर्ग, केशवापुर सहित तमाम विद्यालयों में अधिकारियों के निर्देशों का कोई फर्क नहीं पड़ा।

# अनियमितताओं पर भड़का कर्मचारी संघ

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- एआरएम को सौंपा ज्ञापन कर्मचारियों से अभद्रता के आरोप

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने डिपो स्तर पर व्याप्त अनियमितताओं और कर्मचारियों के साथ कथित अभद्र व्यवहार को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए एआरएम को ज्ञापन सौंपा है।

संगठन के अध्यक्ष केके पांडे, मंत्री अभिषेक शुक्ला समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा दिए गए पत्र में आरोप लगाया है कि डिपो स्तर पर व्यवस्थाएं बिगड़ती जा रही हैं। कर्मचारियों को ड्यूटी, शिफ्ट और अन्य कार्यों को लेकर अनावश्यक दबाव झेलना पड़ रहा है। साथ ही कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने की शिकायत भी सामने आई है, जिससे कार्यस्थल का माहौल प्रभावित हो रहा है। कर्मचारी संघ का कहना है कि कई बार मौखिक रूप से समस्याएं बताईं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इससे कर्मचारियों में असंतोष है। पदाधिकारियों ने कहा जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए तो संगठन मजबूर होकर बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होगा।

एआरएम महेश चंद्र कमल ने बताया कि कर्मचारी संघ की ओर से पत्र प्राप्त हो गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी।

# दो माह बाद पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

संवाददाता, धौरहरा



पिंजरे में कैद तेंदुआ। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** धौरहरा वन रेंज क्षेत्र के ढेखीपुरवा मजरा रामलोक सहित आसपास के गांवों में पिछले दो माह से आतंक का पर्याय बना तेंदुआ आखिरकार मंगलवार देर रात वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। लंबे समय से ऑपरेशन लेपर्ड में वन विभाग को सफलता मिली है, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

वन विभाग के मुताबिक तेंदुआ लगातार लोकेशन बदल रहा था, जिससे उसे पकड़ना चुनौतीपूर्ण हो गया था। टीम ने मैलापुरवा, ढखनिया, रामलोक और ढेखीपुरवा गांवों के आसपास कई बार नाइट विजन कैमरे और पिंजरे लगाए, लेकिन हर बार तेंदुआ चकमा दे गया। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था। मंगलवार देर रात वन विभाग के लगाए गए पिंजरे में बंधी बकरी के लालच में तेंदुआ फंस गया। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। तेंदुए के पकड़े जाने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

- गांवों में फैली दहशत खत्म, मादा तेंदुआ पूरी तरह स्वस्थ

स्थिति को देखते हुए वन विभाग ने ईसानगर थाना प्रभारी निर्मल तिवारी को सूचना दी। पुलिस की निगरानी में तेंदुए को सुरक्षित वन रेंज लाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच में तेंदुआ पूरी तरह स्वस्थ वयस्क मादा पाया गया। क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि पकड़ा गया तेंदुआ वयस्क मादा है और उसे उच्चाधिकारियों की अनुमति के बाद सुरक्षित जंगल में छोड़ा जाएगा।

### एक साल में 11 तेंदुए पकड़े गए

धौरहरा वन रेंज में तेंदुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अप्रैल 2025 से अप्रैल 2026 तक के एक साल में तेंदुओं ने करीब 5 लोगों और सैकड़ों मवेशियों को अपना शिकार बनाया है। वहीं वन विभाग अब तक 11 तेंदुओं को पकड़कर पिंजरों में कैद कर चुका है।

# हनुमान जयंती पदयात्रा को लेकर बदलेगा रूट

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- आज सुबह 3 बजे से ट्रैफिक डायवर्जन होगा लागू
- एलआरपी-सीतापुर रोड रहेगा बंद, वैकल्पिक मार्ग तय

**अमृत विचारः** हनुमान जयंती के अवसर पर गुरुवार यानी आज शहर से निकलने वाली विशाल पदयात्रा को लेकर यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर दी है। संकटादेवी चौराहे से शुरू होकर एलआरपी होते हुए हनुमान मंदिर गुलरीपुरवा (ओयल) तक जाने वाली इस यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

इसे देखते हुए शहर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई मार्गों पर डायवर्जन लागू रहेगा। शहर में संकटा देवी स्थित सुभाष पार्क से गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे विशाल कीर्तनमयी पदयात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा नासिक के ढोल नगाड़ा कालाकारों और आकर्षक झांकियों के साथ शहर में भ्रमण करने के बाद ओवरब्रिज, एलआरपी चौराहा होते हुए ओयल स्थित हनुमान मंदिर गुलरीपुरवा तक जाएगी।

इस भव्य शोभायात्रा में बड़ी तादात में हनुमान भक्त शामिल होते हैं। यातायात पुलिस के अनुसार पद यात्रा को लेकर 2 अप्रैल की सुबह 3 बजे से पदयात्रा समाप्ति तक एलआरपी चौराहे से सीतापुर रोड की ओर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। लखनऊ और सीतापुर जाने वाले वाहन छाउछ चौराहे से बेहजम होते हुए ओयल के रास्ते अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे।

### इन मार्गों पर रहेगा प्रतिबंध

ओयल के बेहजम तिराहे से एलआरपी चौराहे की ओर जाने वाले वाहनों पर रोक रहेगी। इसके अलावा संकटादेवी चौराहे से ओवरब्रिज होते हुए एलआरपी जाने वाले वाहन भी प्रतिबंधित रहेंगे। इन वाहनों को कृष्णा टॉकीज, पं. दीनदयाल चौराहा, बरगद तिराहा और छाउछ चौराहे से होकर गुजरना होगा।

### भारी वाहनों के लिए अलग व्यवस्था

सैधरी बाईपास मोड़ से बड़े वाहनों का मेला मैदान की ओर प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे वाहनों को बाईपास से पं. दीनदयाल चौराहा और बरगद तिराहा होकर भेजा जाएगा। हालांकि मेला मैदान बस अड्डे से संचालित बसों को आने-जाने की अनुमति दी गई है। बहराइच और गोला की ओर से आने वाले वाहन यदि लखनऊ या सीतापुर की ओर जाना चाहते हैं तो उन्हें एलआरपी फ्लाईओवर से नीचे उतरने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे वाहन सीधे छाउछ चौराहे से होकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ेंगे।

# आज बंद हो जाएगी कुंभी चीनी मिल

**बग्घून, अमृत विचारः** बलरामपुर समूह की कुंभी चीनी मिल बंदी की अंतिम नोटिस दो अप्रैल चस्पा कर दी गई है। प्रबंधन ने मिल बंद करने का निर्णय लिया है। मिल के उप महाप्रबंधक गन्ना चंद्रहास ने बताया कि मिल गेट एवं समस्त बाह्य केंद्रों के कैलेंडर की सभी पर्चियां जारी हो चुकी हैं। कई दिनों से मिल गेट और केंद्रों पर फ्री तौल की जा रही है, फिर भी पर्याप्त गन्ना न मिलने से नो केन होकर चीनी मिल चलाई जा रही है। उनका अनुमान है कि क्षेत्र में मिल को आपूर्ति किए जाने योग्य गन्ना समाप्त हो गया है। किसानों से अपील है कि जिनके पास गन्ना हो वह दो अप्रैल तक आपूर्ति कर दें। उसके बाद चीनी मिल बंद कर जायेगी।

# हनुमान जयंती को लेकर नगर पालिका अलर्ट, तैयारियां तेज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



साफ-सफाई करते नगर पालिका के सफाई कर्मी। ● अमृत विचार



शहर में व्यवस्थाओं का जायजा लेते सीडीओ अभिषेक कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** हनुमान जयंती के पर्व को लेकर नगर पालिका परिषद ने शहर में तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए साफ-सफाई से लेकर पेयजल व्यवस्था तक को दुरुस्त किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष इरा श्रीवास्तव के निर्देशन में शहर के प्रमुख स्थानों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में बुधवार को श्री राम चौराहे सहित कई स्थानों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। सफाई कर्मियों ने क्षेत्र में जमा कूड़ा-कचरा हटाकर सड़कों और आसपास के इलाकों को व्यवस्थित किया। साथ ही संक्रमण से बचाव के लिए चूना छिड़काव भी कराया है।

नगर पालिका द्वारा मंदिरों, प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि हनुमान जयंती के दिन भारी संख्या में श्रद्धालु शहर में आते हैं, ऐसे में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पहले से ही तैयारी की जा रही है।

- साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त
- मंदिरों व प्रमुख मार्गों पर बढ़ाई गई निगरानी

पेयजल व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। इसके लिए टैंकरों और अन्य संसाधनों को तैयार रखा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत पानी उपलब्ध कराया जा सके।

नगर पालिका अध्यक्ष इरा श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे शहर में सफाई व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पर्व के दौरान शहर स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित नजर आए। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की है कि वे साफ-सफाई में सहयोग करें और कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें, ताकि शहर की स्वच्छता बनी रहे।

### हनुमान जयंती पर पदयात्रा की तैयारी पूरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** हनुमान जयंती के मौके पर निकलने वाली विराट पदयात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को सीडीओ अभिषेक कुमार खुद मैदान में उतरे और विधायक सदर योगेश वर्मा के साथ पूरे पदयात्रा मार्ग व मंदिर परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि व्यवस्था ऐसी हो कि श्रद्धालुओं को कहीं कोई असुविधा न हो। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की चाक-चौबंद स्थिति, जगह-जगह पेयजल की उपलब्धता, साफ-सफाई, अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था और मेडिकल टीम की तैनाती को लेकर संबंधित अधिकारियों से एक-एक बिंदु पर तैयारियां परखी। पूरे रूट पर चार एंबुलेंस की तैनाती सुनिश्चित की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। वहीं मंदिर प्रबंधन के साथ परिसर में भीड़ प्रबंधन को लेकर विशेष रणनीति बनाई गई है। सीडीओ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कहीं भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह आस्था का बड़ा आयोजन है, ऐसे में हर व्यवस्था परफेक्ट होनी चाहिए। उधर विधायक योगेश वर्मा ने भी प्रशासनिक तैयारियों पर संतोष जताते हुए कहा कि श्रद्धालुओं के स्वागत में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सविसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

अमृत विचार
बरेली, गुरुवार, 2 अप्रैल 2026 खीरी

न्यूज ब्रीफ

### दिनदहाड़े दुकान के सामने से बाइक चोरी

**भीरा, अमृत विचार :** मां कल्याणी मंदिर गली में स्थित विजय कुमार अग्रवाल की दुकान के सामने उनकी बाइक खड़ी थी। दुकान पर ग्राहकों की भीड़ लगी हुई थी, जिसका फायदा उठाकर चोर बाइक चोरी कर मौके से भाग निकले। भीड़ कम होने के बाद जब दुकानदार ने अपनी बाइक नहीं देखी तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित ने बाइक चोरी की तहरीर पुलिस को दी है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से बाजार के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। पुलिस जांच में जुट गई है।

### सड़क दुर्घटना में चार घायल, दो रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** क्षेत्र में हुई अलग-अलग स्थान पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में कोतवाली क्षेत्र के छेरासी गांव निवासी निशाबुद्दीन (18) पुत्र नवाब, भौंटिया गांव निवासी सुनील (40) पुत्र राजेश, देवकली गांव निवासी मनीषा देवी (33) पत्नी विनोद कुमार और मैलानी थाना क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी शिल्पी देवी (20) विकास कुमार घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने निशाबुद्दीन और मनीषा देवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### खेत में गेहूं की फसल काटने से रोका

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार** कोतवाली क्षेत्र के हण्डेला गांव निवासी कुलदीप सिंह ने सीओ को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उनके पिता के नाम गाटा सं0 12 में गेहूं की फसल तैयार खड़ी है, जिसे पडोसी जरनैल सिंह पुत्र चन्दन सिंह जबरन काटकर दबंगई के बल पर कब्जा करना चाहते है। उन्होंने जबरन फसल काटे जाने से रोकने की मांग की है। आरोप है कि इससे पहले भी वह उनकी लाही की फसल काटकर गाटा सं0 30 पर कब्जा कर चुका है।

# छोटी काशी के चैती मेला में लोक कलाकारों ने बिखेरा संस्कृति का रंग

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत लोकनृत्य हमार दिसवा सोने की चिरैया जैसे गीतों पर समूह नृत्य से हुई

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


चैती मेले के सांस्कृतिक मंच पर पालिका अध्यक्ष के साथ दीप प्रज्ज्वलित करते मुख्य अतिथि।



सांस्कृतिक मंच पर लोक नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

- अतिथियों ने पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के साथ किया दीप प्रज्ज्वलित

**अमृत विचारः** छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेले के चतुर्थ दिवस मंगलवार को सांस्कृतिक मंच पर रंगारंग कार्यक्रमों की धूम रही। सांस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश के लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजन एवं लोक नृत्यों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। कलाकारों ने भारतीय संस्कृति, परंपरा, शैली एवं सभ्यता पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक जागरण का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत निघासन के अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व सभासद देवीदयाल वर्मा व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधानसभा प्रभारी गोला दयाशंकर मौर्य, समाजसेवी दिलीप जायसवाल, विजय आनंद एवं व्यापारी विमलेश गुप्ता सहित अन्य अतिथियों ने नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों द्वारा लोकनृत्य हमार दिसवा सोने की चिरैया एवं रेलियां बैरन पिया को लिए जाए रे जैसे गीतों पर समूह नृत्य से हुई। लोकगायक सतीश तिवारी ने हे शंभू इच्छा तिहारी, द्वार तुम्हारे आए हैं भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। वहीं लोक गायिका निरी मुस्कान ने सासु पनिया कैसे जाऊं, रसीले दोनों नैना, पटना से वायदा बुलाएदा, नजरा गैले गुया और सैंया मिले लरकइया मैं का करूं जैसे लोकगीतों से समां बांध दिया।

विशाल एवं काजल कनौजिया ने शिव-पार्वती की सजीव झांकी प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। सेजल साहू, अंशी कश्यप, आरजू शर्मा, नेहा कश्यप, नव्या श्रीवास्तव, अंशिका वर्मा और जाह्नवी मिश्रा ने काहू दिन उठी गौ मेरो हाथ बलम तोहे ऐसों मारूंगी गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं विशाल ने चाहे बिक जाए हरो रुमाल, बैठूंगी मोटर कार में गीत पर लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और सभ्यता को जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हुए समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। इस मौके पर सभासद नानक चन्द्र वर्मा, इजरान अहमद, धर्मेन्द्र बाल्मीकि, रियासुद्दीन, दानिश राइन, अनिल गुप्ता, मोहित कनौजिया, सुरेश जायसवाल, साहिद अंसारी आदि मौजूद रहे।

### आज का कार्यक्रम

ऐतिहासिक चैती मेले में दो अप्रैल को सांस्कृतिक मंच पर सायं 7 बजे से संगीत सम्मेलन (ऑर्केस्ट्रा) का आयोजन किया जाएगा।

# ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- माध्यमिक विद्यालयों की मान्यता लेने के लिए कार्य आरंभ

**अमृत विचारः** जिले में माध्यमिक विद्यालयों की मान्यता हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 1 अप्रैल 2026 से शुरू कर दी गई है। शासन के निर्देशानुसार यह प्रक्रिया वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के वैध संचालन और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आयोजित की गई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मई 2026 निर्धारित की गई है। इसके बाद विलंब शुल्क के साथ 16 मई से 31 मई तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया के दौरान विद्यालयों को निर्धारित आधारभूत सुविधाएं, शिक्षक-छात्र अनुपात और अन्य आवश्यक शर्तें पूरी करनी होंगी। इस प्रक्रिया से जिले में संचालित विद्यालयों की गुणवत्ता में सुधार आएगा और छात्रों को बेहतर शैक्षिक वातावरण प्राप्त होगा। साथ ही, अवैध रूप से संचालित विद्यालयों पर प्रभावी नियंत्रण भी सुनिश्चित किया जाएगा।

### अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का लोकार्पण

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** बुधवार को कमलापुर स्थित डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम स्कूल का लोकार्पण और नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसडीएम मितौली कुमारी मनीषा धार्वे (आईएएस) रहीं। उन्होंने विद्यालय परिसर में नव निर्मित भवन का उद्घाटन किया और अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा संचालित करने के प्रयास की सराहना की। मुख्य अतिथि ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे विद्यालय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने शिक्षकों और प्रबंधन को बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुन्नालाल, प्रबंधक बांकेलाल, उपाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद, शीतला प्रसाद, रामसेवक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावक और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

### गाड़ी देखने पहुंचे युवक से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के सिसैया कलां गांव निवासी जुनेद खां ने बताया कि रात करीब 9:30 बजे गांव में एक गाड़ी गड्ढे में फंसी हुई थी। वह उसे देखने के लिए मौके पर पहुंचा था। इसी दौरान गांव के इस्लामुल, छोटू, विटाना और मसीउल्ला ने उसे वहां से हट जाने को कहा। इसी बात पर विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने गालियां देते हुए उसकी पिटाई कर दी। मारपीट में जुनेद के सिर पर चोट आई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई रुद्रप्रकाश पांडेय को सौंपी है।

# श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से आज निकलेगी पदयात्रा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- शाम को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का होगा आयोजन

**अमृत विचारः** नगर में गुरुवार 2 अप्रैल को भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा, जब नीलकंठ मैदान स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से नवम हनुमान पदयात्रा निकाली जाएगी। सुबह 6 बजे पूजन के साथ यात्रा आरंभ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

आयोजकों के अनुसार पदयात्रा संकट मोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मोहम्मदी रोड स्थित कंजा बाबा देवस्थान तक पहुंचेगी। इसके बाद श्रद्धालु पुनः मंदिर परिसर में लौटकर यात्रा का समापन करेंगे। यात्रा के दौरान भक्त जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों के साथ भक्ति में लीन नजर आएंगे। पदयात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं। जगह-जगह जलपान और प्रसाद वितरण की तैयारी भी की गई है, ताकि यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

आयोजकों ने बताया कि पदयात्रा के सफल आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई गई है, जो यात्रा के दौरान मार्गदर्शन और सहयोग करेंगे। धार्मिक आयोजन की श्रृंखला में शाम 4 बजे से मंदिर परिसर में पंडित मुनेंद्र शुक्ला द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

# भक्तिभाव से निकली श्री बालाजी की शोभायात्रा

संवाददाता, संपूर्णानगर

- पालकी में विराजमान बाबा, मेहंदीपुर बालाजी की अखंड ज्योति रही आकर्षण


शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बुधवार को सिंगाही खुर्द स्थित श्री बालाजी धाम परिसर से श्री बालाजी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए।

मंदिर पुजारी सर्वेश मिश्र और विवेक मिश्र ने विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा के स्वरूप को पालकी में विराजमान कराया। इस दौरान मेहंदीपुर बालाजी से लाई गई अखंड ज्योति को भी पालकी में स्थापित किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में बाबा की पालकी के आगे श्रद्धालु सड़क पर पानी डालते और झाड़ू लगाते हुए चलते रहे, जिससे भक्ति भाव का अनोखा दृश्य देखने को मिला। वहीं पीछे डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर महिला-पुरुष झूमते-गाते नजर आए। शोभायात्रा में श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और भोले बाबा की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं, जबकि ट्रैक्टर-ट्रालियों पर सजी राधा-कृष्ण की झांकियों में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सभी का मन मोह लिया।

शोभायात्रा श्री बालाजी धाम से निकलकर ट्रक यूनियन होते हुए मुख्य बाजार और बस अड्डे पहुंची, जहां श्री बालाजी सेवा समिति द्वारा स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं को छोले-चावल का वितरण किया गया। इसके अलावा बाजार में विभिन्न स्थानों पर प्रसाद, हलुआ-चना और पानी का भी वितरण किया गया। यात्रा श्री दुर्गा मंदिर, चीनी मिल तिराहा होते हुए चीनी मिल कॉलोनी स्थित मंदिर पहुंची, जहां दीप प्रज्वलन किया गया। यहां मंदिर कमेटी के पुजारी दीक्षित, सुरक्षा इंचार्ज वीरेंद्र सिंह और सत्यप्रकाश सिंह ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

इसके बाद यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए खजुरिया मार्ग, बिहारी कॉलोनी, बसही मोड़, फॉरेस्ट कॉलोनी और टीचर्स कॉलोनी से गुजरते हुए पुनः सिंगाही खुर्द गांव पहुंची और अंत में श्री बालाजी धाम पर प्रसाद वितरण के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। सुरक्षा व्यवस्था के तहत सम्पूर्णानगर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में गौरीफंटाप्रभारी जितेंद्र बहादुर सिंह सहित महिला और पुरुष पुलिस बल शोभायात्रा के साथ मुस्तैदी से तैनात रहा। इसके अवलावा मंदिर अध्यक्ष राजेश भास्कर, पुजारी सर्वेश मिश्र, विवेक मिश्र, भीम, श्याम सुंदर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने काटा हंगामा

संवाददाता, केशवापुर

- गांव सेमरई में बनी अस्थाई गोशाला में अव्यवस्थाओं को लेकर रोष
- प्रधान, सेक्रेटरी, पशु चिकित्सक की लापरवाही से गोवंशों की हो रही मौतें


हैदराबाद एसओ को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सदर ब्लॉक के गांव सेमरई में बनी अस्थायी गौशाला में अव्यवस्था व मृत गोवंश को लेकर बुधवार शाम करीब दो दर्जन की संख्या में हिन्दू युवा वाहिनी पीलीभीत व उनके सहयोगी संगठन के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया।

बुधवार शाम गौशाला पर हंगामा कर रहे हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं का कहना था कि अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल पर प्रधान, सेक्रेटरी और पशु चिकित्सक लापरवाही कर रहे हैं, जिससे भूख, प्यास और इलाज के अभाव में पशु तड़फ तड़फ कर मर रहे हैं। गोवंश के अंतिम संस्कार की भी व्यवस्था नहीं करते हैं, जिससे चील, कौए नोंचते रहते हैं। कार्यकर्ताओं के आक्रोश को देखते हुए सेवादार ने मौके पर पुलिस बुलाई। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी हैदराबाद सुनील कुमार मलिक ने कार्यकर्ताओं की बात सुनकर समाधान कराते हुए गौशाला में मृत हुई गाय का जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदवाकर अंतिम संस्कार कराया। गौशाला पर पहुंचे गैर जनपद के दर्जनों कार्यकर्ताओं के पहुंचने से कार्यकर्ताओं व सेवादारों के बीच वार्तालाप से माहौल तनावपूर्ण बन गया।

संगठन के कार्यकर्ताओं की ओर से थानाध्यक्ष को लिखित ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी एवं पशु चिकित्सक की लापरवाही को लेकर कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने उच्च अधिकारियों को पूरे मामले से अवगत कराने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर गौरव, अभिषेक सिंह, सचिन शुक्ला, अतुल गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छेदुई पतिया में राजकीय इंटर कॉलेज शुरू

संवाददाता, मझगई

- ग्रामीण छात्रों को गांव के पास ही मिलेगी उच्च शिक्षा

**अमृत विचारः** निघासन विकासखंड की ग्राम पंचायत छेदुई पतिया और आसपास के छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। अब उन्हें नवीन शिक्षा सत्र में इंटर तक की शिक्षा के लिए निघासन, पलिया समेत अन्य स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। छेदुई पतिया में राजकीय इंटर कॉलेज का संचालन 1 अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है। नए शैक्षिक सत्र के साथ ही विद्यालय में कक्षा 9 और 11 में प्रवेश प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

विद्यालय में विज्ञान और कला वर्ग के तहत कक्षा 9 में छात्र-छात्राएं अपने मूल अभिलेखों के साथ आकर प्रवेश ले सकते हैं। वहीं कक्षा 11 में भी विज्ञान वर्ग के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिसमें इच्छुक विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में राजकीय इंटर कॉलेज के शुरू होने से आसपास के गांवों के छात्रों को बड़ी राहत मिली है। अब उन्हें उच्च शिक्षा के लिए दूर शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, बल्कि अपने घर के पास ही बेहतर शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी। प्रधानाचार्य सोनी राठौर ने बताया कि प्रवेश के लिए छात्रों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ विद्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है। इस दौरान सहायक अध्यापिका भारती देवी, मोनिका देवी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सेवानिवृत्ति पर प्रधानाचार्य को दी भावभीनी विदाई

संवाददाता, पलिया कलां

- समारोह में किया सम्मानित नवागत प्रधानाचार्य का स्वागत

**अमृत विचारः** नगर के श्री तेज महिंद्रा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। विद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय परिवार के साथ-साथ नगर व क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय प्रबंधक रामबचन तिवारी, अध्यक्ष चांद कुमार जैन, शिवपाल सिंह, विजय नारायण महिंद्रा, सुरेश गर्ग, अभिषेक शुक्ला, रवि गुप्ता, नगर प्रचारक योगेंद्र और संजीव जायसवाल सहित अन्य अतिथियों ने प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह को अंगवस्त्र ओढ़ाकर, माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

वक्ताओं ने संबोधन में राम प्रताप सिंह के लंबे कार्यकाल, अनुशासनप्रियता और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विद्यालय ने नई ऊंचाइयों को छुआ। उन्होंने उनके स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक प्रेम प्रकाश राणा को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नवागत प्रधानाचार्य सुनील सिंह का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया और नई जिम्मेदारी संभालने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# छापेमारी का सिर्फ ड्रामा, धंधा जस का तस

अमृत विचार अभियान

संवाददाता, निघासन

- निघासन में शराब माफिया हावी, दर्जनों गांवों में खुलेआम शराब की बिक्री


अवैध शराब का धंधा बना खाकी बनाम खाकी का खेल
अभियान का दूसरा दिन
सिस्टम की लापरवाही या फिर कुछ और... खाकी के खेल में पिस रही जनता

अमृत विचार में छपी खबर का पीडीएफ। ● अमृत विचार

> विभाग ने अभियान चलाकर लालबोझी में छापेमारी की गई है, जिसमें महज 15 लीटर शराब बरामद हुई। कई शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किए गए हैं। साथ ही करीब 500 लीटर लहन नष्ट कराई गई है।
> – **राजेश कुमार**, आबकारी निरीक्षक।

**अमृत विचारः** सीओ सर्किल क्षेत्र में कच्ची शराब का अवैध कारोबार अब इस हद तक बेलगाम हो चुका है कि छापेमारी भी महज एक दिखावा बनकर रह गई है। कागजों में कार्रवाई दिखाकर जिम्मेदार विभाग अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि शराब माफिया पूरे सिस्टम को चुनौती देते हुए खुलेआम जहर बेच रहे हैं।

सीओ सर्किल निघासन की कोताली तिकुनिया, सिंगाही, निघासन, मझगई और पढ़ुआ थाना क्षेत्रों के दर्जनों गांव इस अवैध कारोबार के गढ़ बन चुके हैं। तिकुनिया के रायपुर, कड़ियां, डांगा, बेलरायां, रननगर, सिंगाही के बथुआ, टांडा, महादेव, खैरीगढ़, चिरकुआ, निघासन के लालबोझी, मदनापुर, लुधौरी, पुरैना, लालपुर, मझगई क्षेत्र के सुरजीपुरवा, मुर्गाहा, बल्लीपुर तथा पढ़ुआ क्षेत्र के तेलियार, बोकरिहा, हथियाबोझ, गौरैया, खरवाहिया गांवों में दिन-रात कच्ची शराब तैयार कर बेची जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब माफिया पाउच में कच्ची शराब भरकर बाइक से गांव-गांव सप्लाई करते हैं। कई जगहों पर खुलेआम बैठकर शराब पीने-पिलाने की महफिलें सजती हैं, जिससे माहौल बिगड़ रहा है और युवाओं पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। कम उम्र के लड़कों का इस धंधे में शामिल होना क्षेत्र के भविष्य के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि इस पूरे खेल में पुलिस और आबकारी विभाग की कथित मिलीभगत है।

ग्रामीणों के अनुसार जब भी छापेमारी होती है, पहले से सूचना लीक हो जाती है, जिससे माफिया सतर्क होकर बच निकलते हैं। इसके बाद खानापूर्ति के तौर पर मामूली कार्रवाई दिखाकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती, जिससे माफियाओं के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं। हालात यह हैं कि कुछ गांवों में अवैध शराब की भट्टियां स्थाई रूप से चल रही हैं, उन पर रोक लगाने वाला कोई नहीं है। अब सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि क्या प्रशासन माफियाओं के सामने पूरी तरह बेबस हो चुका है या फिर कहीं न कहीं इस अवैध कारोबार को संरक्षण मिल रहा है।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

# महिलाओं के लिए मिला नया गर्भनिरोधक विकल्प

## अंतरा सबक्यूटेनिअस इंजेक्शन की शुरुआत, तीन माह तक देता है सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


महिला को इंजेक्शन लगाकर शुरुआत करती डॉ. शिवानी शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** परिवार नियोजन को लेकर जिले में अंतरा सबक्यूटेनिअस इंजेक्शन की शुरुआत कर दी गई है। जिला महिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में जिले का पहला इंजेक्शन गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. शिवानी शर्मा ने लगाया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने फीता काटकर किया।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि जिले के तीन स्वास्थ्य केंद्रों जिला महिला अस्पताल, सीएचसी फरधान और सीएचसी नकहा पर इस नई सुविधा की शुरुआत की गई है। सीएचसी फरधान में अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई और एमएच कंसलटेंट लल्ला सिंह की मौजूदगी में, जबकि सीएचसी नकहा में डीपीएम अनिल यादव और अधीक्षक डॉ. रामू वर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित कर सेवा शुरू की गई।

उन्होंने बताया कि अंतरा सबक्यूटेनिअस इंजेक्शन महिलाओं के लिए एक सुरक्षित, आसान और प्रभावी गर्भनिरोधक विकल्प है। यह इंजेक्शन त्वचा के नीचे लगाया जाता है, जिससे इसे लगाना सरल हो गया है। एक बार लगाने के बाद यह तीन महीने तक गर्भधारण से सुरक्षा प्रदान करता है और महिलाओं को बार-बार दवा लेने की जरूरत नहीं पड़ती। सीएमओ ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य खासतौर पर ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों की महिलाओं तक परिवार नियोजन सेवाओं को सुलभ बनाना है, जिससे अनियोजित गर्भधारण को रोका जा सके और मातृ-शिशु स्वास्थ्य में सुधार हो।

सीएमएस डॉ. अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में महिलाओं की काउंसलिंग की जा रही है, ताकि उन्हें इस इंजेक्शन के लाभ और उपयोग की पूरी जानकारी मिल सके। जो महिलाएं पहले से पारंपरिक अंतरा इंजेक्शन ले रही

● **जिला महिला अस्पताल समेत तीन केंद्रों पर सेवा शुरू**

हैं, उन्हें नया इंजेक्शन नहीं दिया जाएगा और नई सेवा लेने वाली महिलाओं को पुराना इंजेक्शन नहीं लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग को उम्मीद है कि इस नई पहल से परिवार नियोजन कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी तथा महिलाओं को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

इस दौरान डॉ. अमित कुमार गुप्ता, डॉ प्रमोद वर्मा और फैमिली प्लानिंग मैनेजर पद्माकर त्रिपाठी, डॉ अंजली वर्मा, हॉस्पिटल मैनेजर शिप्रा वर्मा, हेल्प डेस्क मैनेजर सुष्मिता वर्मा, फैमिली प्लानिंग काउंसलर शिखा कश्यप, एएफएचसी काउंसलर दीपमाला, एसटीआई काउंसलर प्रियंका अवस्थी, पीपीटीसीटी काउंसलर सोनम सक्सेना, एएनएम आरती वर्मा, रश्मि सक्सेना, मधू, लोकेश सिंह और अजीत वर्मा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल महिला ने तोड़ा दम

**धौरहरा, अमृत विचारः** गांव रायपुर निवासी गुड्डू पुत्र पूरन गौतम ने बताया कि उनकी मां लक्ष्मी देवी रविवार शाम करीब 5 बजे खेत से घर लौट रही थीं। इसी दौरान प्लाईवुड फैक्ट्री के पास सामने से आ रहे नीले रंग के सोनालिका ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक मुकीम निवासी अदलीशपुर वाहन को तेज रफ्तार और लापरवाही से चला रहा था। हादसे में लक्ष्मी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया पहुंचाया, जहां हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां भी स्थिति गंभीर बनी रहने पर चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ भेज दिया।

परिजन उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल में लेकर गए, जहां इलाज के दौरान मंगलवार सुबह करीब 5 बजे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। ईसानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# लाठी व ईंट-पत्थरों से हमला, 3 घायल

संवाददाता, सिंगाही


मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के नौरंगाबाद गांव में जमीन कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान विपक्षियों ने पीड़ित पक्ष पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जमकर ईंट-पत्थर चलाए। इस संघर्ष में तीन लोग घायल हुए हैं। खासबात यह है कि सूचना के बाद भी पुलिस गंभीर नहीं हुई और मौके पर भी जाना मुनासिब नहीं समझा। जानकारी होने पर सीओ में प्रभारी निरीक्षक को कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद हरकत में आई पुलिस मौके पर पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस की इस कार्यशैली से लोगों में नाराजगी हैं। वहीं सिस्टम पर सवाल खड़े हो गए हैं।

बताया कि गांव नौरंगाबाद निवासी सर्वेश कुमार मिश्रा अपने खरीदे गए मकान की साफ-सफाई करने के लिए सुबह करीब 9:30 बजे अपने भतीजे अभिषेक और पुत्र शिवांश के साथ पहुंचे थे। इसी दौरान विपक्षी पक्ष के पुष्पा देवी, कलावती, राममूर्ति, प्रेमा, पिंकी, खूबलाल, सुनीता, अनीता, कैलाश, रमदेई, नन्हकी व ध्रुव कुमार यादव समेत अन्य लोग मौके पर पहुंच गए और जमीन को लेकर विवाद करने लगे। आरोप है कि विवाद

● **जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद, खून-खराबे के बाद भी सुस्त रही पुलिस**

● **5 घंटे बाद दर्ज की रिपोर्ट, सीओ की फटकार के बाद हरकत में आई पुलिस**

बढ़ने पर सभी आरोपियों ने एकजुट होकर लाठी-डंडों, धारदार हथियारों, असलहों व ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में सर्वेश मिश्रा और उनके भतीजे अभिषेक के चेहरे पर चोटें आईं, जबकि पुत्र शिवांश का हाथ घायल हो गया।

घटना के बाद घायलों ने थाना सिंगाही में तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस कार्रवाई से बचती नजर आई। पीड़ित पक्ष करीब तीन घंटे तक थाने पर ही बैठा रहा, लेकिन पुलिस ने उनका मेडिकल परीक्षण भी कराना जरूरी नहीं समझा। इससे लोग आक्रोशित हो गए और मामले की सूचना सीओ शिवम कुमार को दी। सीओ ने मामले को गंभीरता से लिया और प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे को फटकार लगाते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए।

सीओ के तेवर तल्ख देख पुलिस हरकत में आई और करीब 5 घंटे बाद आनन-फानन में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा। इसके बाद पुलिस गांव पहुंची और आरोपियों को गिरफ्तार कर एसडीएम निघासन की अदालत में पेश किया।

# अतिक्रमण हटाने को 15 दिन की मोहलत

संवाददाता, फूलबेहड़


अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते अधिकारी और पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कोतवाली फूलबेहड़ क्षेत्र में बुधवार शाम से प्रशासन ने अतिक्रमण को लेकर सख्त रुख अपनाया है। कस्बे की मुख्य सड़क और गलियों में लंबे समय से चल रहे अवैध कब्जों को हटाने की चेतावनी दी गई है। अधिकारियों ने 15 दिनों का वक्त दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि इसके बाद प्रशासन अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाएगा।

बुधवार को नायब तहसीलदार आलोक मिश्रा, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी, हल्का कानूनगो बाबूराम चौधरी, हल्का लेखपाल अजय सिंह और प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पुलिस बल के साथ कस्बे में निकले। उन्होंने लोगों को चेतावनी दी कि सड़क के मध्य से दोनों ओर 10-10 मीटर तक किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने साफ कहा कि जिन लोगों ने कब्जा किया है, उन्हें 15 दिन का समय दिया गया है। इसके बाद भी

● **प्रशासन की सख्ती, ठेकेदार दुकानदार और कब्जाधारियों को दिया अल्टीमेटम**

अतिक्रमण हटाने में विफल होने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई, जुर्माना और जबरदस्ती हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने चेतावनी दी कि अब किसी तरह की ढिलाई या रियायत नहीं मिलेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से सड़क किनारे कब्जा होने के कारण पैदल चलने वाले और वाहन चालकों की सुरक्षा खतरे में थी। दुकानों, तम्बू और निर्माण ने न केवल सड़क को संकीर्ण किया, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावनाओं को भी बढ़ा दिया। प्रशासन ने अभियान के दौरान कब्जाधारियों से कहा कि स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाना ही सुरक्षित विकल्प है, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

कई स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और कहा कि यह कदम सड़क को जनता के लिए सुरक्षित और सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। वहीं, कुछ कब्जाधारी अभी भी विरोध कर रहे हैं, जिससे अगले 15 दिन में प्रशासन को और कड़े कदम उठाने पड़ सकते हैं। अधिकारियों ने कहा अभियान सिर्फ चेतावनी नहीं, बल्कि कार्रवाई का संकेत है।

## एक ही रात में दो घरों से 5 बकरे चोरी

**मझगई, अमृत विचारः** कस्बा नौगवां निवासी अफसर हुसैन ने बताया कि उन्होंने रात करीब आठ बजे बकरों और बकरियों को चारा-पानी देकर मकान की छत पर बांध दिया था। सुबह जब वह उन्हें खोलने पहुंचे तो तीन बकरे गायब मिले। यह देख उनके होश उड़ गए। काफी तलाश के बाद एक बकरा घर के नीचे मिला, जिसे चोर ले जाने में सफल नहीं हो सके थे। उन्होंने बताया कि वह इन बकरों को अपने बेटे की शादी के लिए पाल रहे थे, लेकिन उससे पहले ही चोरों ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। इसी रात कुछ दूरी पर स्थित त्रिलोकपुर गांव निवासी इसरार के घर भी चोरों ने धावा बोला और वहां से तीन बकरे चोरी कर ले गए। अफसर हुसैन के पुत्र आजाद ने बताया कि चोर बड़ी आसानी से बकरे खोलकर ले गए और किसी को भनक तक नहीं लगी। सुबह घटना की जानकारी होने पर पुलिस को तहरीर दे दी गई है। एसओ अनिल कुमार पंकज ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।

# जंगल की सड़कें व रेल लाइन बनी जानलेवा

संवाददाता, बांकेगंज (लखीमपुर खीरी)


भीखमपुर जंगल में रेलवे लाइन के किनारे पड़ा बाघिन का शव।

**अमृत विचारः** दुधवा टाइगर रिजर्व के कोर और बफर जोन से गुजरने वाली सड़कें और रेल लाइनें वन्यजीवों के लिए लगातार खतरा बनती जा रही हैं। तेज रफ्तार वाहनों और ट्रेनों की चपेट में आकर हर साल बाघ, तेंदुए समेत कई दुर्लभ वन्यजीव अपनी जान गंवा रहे हैं।

बुधवार की सुबह दुधवा के मैलानी वफर जोन में रेलवे ट्रैक पर मिले बाघिन के शव की यही आशंका जताई जा रही है कि बाघिन की ट्रेन से टकराकर दर्दनाक मौत हो गई। दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर ज़ोन से गुजरने वाली मैलानी-बांकेगंज रेल लाइन पर यह कोई पहली घटना नहीं है, जब ट्रेन की चपेट में आकर किसी जंगली जानवर की मौत हुई हो। इससे पहले भी इस ट्रैक और जंगली मार्गों पर कई वन्यजीव, खासकर हिरण, तेंदुए और बाघ जैसे दुर्लभ जीव हादसों का शिकार हो चुके हैं।

● **दुधवा टाइगर रिजर्व के कोर और बफर जोन से गुजरने वाली सड़कें और रेल लाइनें वन्यजीवों के लिए खतरा**

वन विभाग ने इन मार्गों पर वाहनों और ट्रेन की अधिकतम गति सीमा 30 किलोमीटर प्रतिघंटा निर्धारित कर रखी है। हालांकि ट्रेन तो निर्धारित गति से ही चलती है, लेकिन सड़कों पर रात में आवागमन प्रतिबंध होने के बावजूद वाहन चालक तेज गति से वाहन चलाते हैं और रात में भी आवागमन जारी रहता है, जिससे वन्यजीवों के लिए खतरा रहता है। विशेषज्ञों के अनुसार, जंगल के भीतर से गुजरने वाली रेल लाइनों पर ट्रेनों की तेज रफ्तार और पर्याप्त चेतावनी तंत्र का अभाव इन हादसों की बड़ी वजह है। रात के समय जब वन्यजीव अधिक सक्रिय होते हैं, तब ये खतरा और बढ़ जाता है। वन्यजीव विशेषज्ञ मानते हैं कि ऐसे संवेदनशील इलाकों में ट्रेनों की गति सीमा तय करना, ट्रैक के किनारे सेंसर आधारित अलर्ट सिस्टम लगाना और नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाना बेहद जरूरी है। इसके अलावा, कुछ स्थानों पर अंडरपास और ओवरपास (वाइल्डलाइफ कॉरिडोर) का निर्माण भी इन हादसों को कम कर सकता है। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि कई बार ट्रेन चालक को सामने आए जानवर को देखने का मौका ही नहीं मिलता, जिससे टक्कर टाल पाना मुश्किल हो जाता है।

### बाघिन की मौत पर उठे सवाल

दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर ज़ोन में बाघिन की मौत का मामला अब सवालों के घेरे में आ गया है। प्रथम दृष्टया इसे ट्रेन से टकराने की घटना बताया गया है, लेकिन घटनाक्रम के कुछ पहलुओं को लेकर स्थानीय स्तर पर संदेह और चर्चा बनी हुई है। दरअसल, बाघिन का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके शव का जल्द ही अंतिम निस्तारण करते हुए जला दिया गया। इस प्रक्रिया में अपेक्षित पारदर्शिता और विस्तृत जानकारी सार्वजनिक न होने से लोगों के बीच सवाल उठ रहे हैं। कुछ स्थानीय लोगों का मानना है कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष और विस्तृत जांच होनी चाहिए, ताकि किसी भी तरह की आशंका को दूर किया जा सके।

"सभी कार्रवाई नियमानुसार की गई हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण ट्रेन से टकराना ही सामने आया है। मामले में किसी तरह की लापरवाही नहीं हुई है। -**डॉ. एच राजामोहन**, फील्ड डायरेक्टर दुधवा।

# मेले में गुम हुई बच्ची, पुलिस ने परिजनों को सौंपा


गोला के चैती मेला में खोई बच्ची परिजनों को सौंपती पुलिस। ● अमृत विचार

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** छोटी काशी में चल रहे ऐतिहासिक चैती मेला देखने आई पांच साल की बच्ची मेले में कहीं खो गई। सूचना पर पुलिस ने ढूंढकर उसे परिजनों के सुपुर्द किया।

मंगलवार शाम थाना मैलानी क्षेत्र के संसारपुर निवासी पांच साल की बच्ची अबीबा पुत्री करीमुद्दीन मेले में खो गई थी, मेला के सांस्कृतिक मंच से एलाउंस भी कराया गया। सूचना पर मेला कोतवाली पुलिस इंस्पेक्टर रविंद्र पांडे, आरक्षी अनुज सागर आदि ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को ढूंढकर सकुशल उनके परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया। बच्ची के सकुशल मिल जाने पर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## मेधावी छात्रों का किया गया सम्मान

**बरवर, अमृत विचारः** चंदन लाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज भौनापुर में आयोजित परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मनोज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मोहम्मदी और सुशील वर्मा, मंडल महामंत्री ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया। सभी मेधावी छात्रों को प्रमाणपत्र और मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार वर्मा, पूर्व अध्यापक रामावतार वर्मा, रामनिवास वर्मा, मोनू वर्मा सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर दीन ने किया। कार्यक्रम में छात्रों की मेहनत और उनके उज्ज्वल भविष्य की सराहना करते हुए सभी ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

# गड्ढा बचाने के प्रयास में पलटी कार

संवाददाता, मझगई


पलिया-निघासन हाईवे पर खेत में पलटी पड़ी कार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** पलिया-निघासन हाईवे पर कोदी बाबा सैयद फार्म के पास बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार बेलोनो कार अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क किनारे खेत में जा गिरी। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

निघासन से मझगई की तरफ जा रही कार काफी तेज गति में थी। सामने सड़क पर गड्ढा आने पर चालक ने बचाव करने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान कार असंतुलित होकर पलट गई और सड़क किनारे खेत में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि कार के चारों पहिए ऊपर हो गए। दुर्घटना में थाना मझगईं के गांव

● **पुलिस ने घायल चालक को भेजा अस्पताल**

कंदरहिया निवासी कार चालक कौशल नाग गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसओ अनिल कुमार पंकज ने एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी पलिया भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसओ ने बताया कि हादसा तेज रफ्तार और सड़क पर गड्ढा होने के कारण हुआ है। फिलहाल घायल का उपचार जारी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

संवाददाता, मझगई

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में युवक की संदिग्ध हालात में तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



ग्राम पंचायत गंगा बेहड़ के गांव बुद्धापुरवा निवासी रामस्वरूप का पुत्र सतीश यादव (35) पलिया में परिवार के साथ रहकर श्यामल डेयरी में काम करता था। सोमवार को वह पत्नी रेनू के साथ ससुराल में कार्यक्रम में शामिल होकर पलिया लौटा था। बताया जा रहा है कि रात में अचानक सतीश की तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे सुबह सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार सतीश के शरीर पर नीलापन दिखाई दे रहा था, जिससे मौत को लेकर संदेह गहरा गया है।

बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुंचा तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने पीछे पत्नी और एक छोटी बेटी को छोड़ गया है, जिसका हाल ही में 25 मार्च को मुंडन संस्कार हुआ था। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र अरविन्द कुमार व उसकी पत्नी को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **परमेश्वरदीन पुत्र श्री हीरालाल नि. भवनपुरवा मजरा सेमरी पर. तह. धौरहरा-खीरी**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमित कुमार को उसके गलत व्यवहार व आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल चल संपत्ति से बेदखल कर दिया है मेरे पुत्र से अब मेरे व मेरे परिवार के किसी सदस्य से उसका कोई संबंध सरोकार नहीं होगा। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **शारदा कुमार उर्फ रामलखन पुत्र सुखलाल नि. ग्राम व पो. शाहवाजनगर तह. सदर बाजार जिला शाहजहांपुर**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने सगे पुत्र अकरम को उसके गलत व्यवहार व आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल चल संपत्ति से बेदखल कर दिया है मेरे पुत्र से अब मेरे व मेरे परिवार के किसी सदस्य से उसका कोई संबंध सरोकार नहीं होगा। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **अब्दुल गनी पुत्र अब्दुल अजीज व अकबरी पत्नी अब्दुल गनी निवासीगण हरूनगला थाना कोतवाली पो. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय जिला बरेली**

**सूचना**
मैंने अपने सबसे बड़े पुत्र अनवर अली व उसकी पत्नी आफरीन के गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। वे अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **शाहजहाँ पत्नी अशफाक हुसैन, निवासी-कुहाड़ापीर, थाना प्रेमनगर, बरेली।**

**सूचना**
मैंने अपने सबसे बड़े पुत्र अनवर अली व उसकी पत्नी आफरीन के गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। वे अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **अशफाक हुसैन पुत्र स्व. मोहम्मद हुसैन, निवासी-68, गली खिजफिजा, कुहाड़ापीर, थाना प्रेमनगर, बरेली।**

**Rakshpal Bahadur Teachers Training Institute, Bareilly**
**REQUIRES**
For B.Ed.
■ Head of Deptt.
■ Lecturer
*Qualification as per UGC/NCTE/MJPRU norms*
Apply alongwith CV, AADHAR, Photo and all necessary documents within 21 days of publication to email :
jobs@rbmi.in
Ph.: 7217023076
Near ITBP, Bukhara Turn Badaun Road, Bareilly

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



